नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, गुरुवार 16 सितंबर 2021, शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-215 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

पड़ौसी देश आतंकिस्तान अपने नापाक इरादों से बाज आ ही नहीं सकता। इसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने एक बार फिर भारत के कई शहरों में धमाके कर देश को दहलाने की साजिश रची है लेकिन समय रहते उसका पर्दाफाश हो गया। दिल्ली, यूपी और राजस्थान से आधा दर्जन आतंकवादी पकड़े गए है जिनमें से दो ने पाकिस्तान जाकर प्रशिक्षण लिया था। पाकिस्तान में छिपा बैठा दाउद इब्राहिम का भाई अनिस इब्राहिम इसका मास्टर माइंड बताया जा रहा है। पाकिस्तान की इस कायराना करतूत का माकूल जवाब देना जरूरी है। जो जितनी जल्दी दिया जाए उनता ही अच्छा होगा।

आज केबीसी में अमिताभ बच्चन के सवालों का जवाब देती नजर आएंगी रायपुर की डॉ. मोनिका

रायपुर (नवप्रदेश)। राजधानी रायपुर की डॉ. मोनिका गुरुपंचायन गुरुवार को कौन बनेगा करोड़पति में हॉट सीट पर अमिताभ बच्चन के सवालों के जवाब देती नजर आएंगी। मूलतः धमतरी शहर की निवासी डॉ. मोनिका गुरूपंचायन वर्तमान में रायपुर में दंत रोग चिकित्सक हैं। पिता डा. गुरुपंचायन की मृत्यु के बाद उनका परिवार राजधानी में शिफ्ट हो गया। मीडिया से चर्चा करते हुए डॉ. मोनिका ने बताया कि प्रथम प्रयास में ही केबीसी के लिए उनका चयन हो गया। उनकी मां शकुंतला गुरुपंचायन कई सालों से केबीसी में जाने के लिए कोशिश कर रही थीं, लेकिन वे सफल नहीं हो पाई। अपनी मां से ही प्रेरणा लेकर डॉ. मोनिका मई 2021 में केबीसी के लिए पंजीयन करवाया और पहले ही प्रयास में सफल रही। डॉ. मोनिका बताती हैं कि प्रथम राउंड में कंप्यूटरीकृत जनरल नॉलेज के तीन सवाल पूछे गए। सही उत्तर देने के बाद दूसरे राउंड में पहुंचीं। दूसरे राउंड में उनसे 10 प्रश्न पूछे गए, जिनका उत्तर निर्धारित समय में देना था। दूसरे राउंड में सफल होने पर तीसरा राउंड हुआ, जिसमें व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया। इसके बाद तीसरे राउंड के लिए जून 2021 में मध्यप्रदेश के भोपाल बुलाया गया। इस मेगा ऑडिशन में करीब 75 से 80 प्रतिद्वंद्वी थे। साक्षात्कार लेने वाले तीन लोगों ने जीवन और व्यक्तिगत सवाल के साथ कुछ जनरल नॉलेज के प्रश्न किए। साक्षात्कार आधे घंटे चला। इसके बाद 27 अगस्त को अपनी मां के साथ मुंबई पहुंची। सितंबर के प्रथम सप्ताह में शूटिंग हुई। तीन दिन की शूटिंग के बाद चौथे दिन उन्हें मौका मिला। वे अक्सर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट में चूक जाती थीं, लेकिन चौथे दिन हॉट सीट तक पहुंच गईं।

जितने महान हैं उतने ही विनम्र

डॉ. मोनिका ने बताया कि हाट सीट में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने बैठी तो विश्वास ही नहीं हो रहा था कि वे सचमुच अमिताभ के सामने हैं। अमिताभ जी जितने महान कलाकार हैं, उतने ही विनम्र हैं। गाने का शौक होने के कारण अमिताभ बच्चन के सामने एक गाना गाने का भी अवसर मिला।

शूटिंग के लिए रायपुर पहुंची थी केबीसी की टीम

डॉ. मोनिका की दिनचर्या शूटिंग करने के लिए केबीसी की टीम राजधानी रायपुर भी पहुंची थी। डॉ. मोनिका गुरुपंचायन वर्तमान में रायपुर के शंकर नगर में निवास करती हैं और दंत सर्जन है। वे यूपीएससी (सिविल सेवा परीक्षा) की तैयारी भी कर रही हैं। फाइनल शूटिंग के लिए बीते 27 अगस्त को डॉ. मोनिका अपनी मां शकुंतला गुरुपंचायन के साथ मुंबई पहुंची थी। तीन दिन तक होटल में क्वारंटाइन रहने के बाद कोरोना का आरटीपीसीआर टेस्ट हुआ। आने-जाने और होटल का सारा खर्च केबीसी ने उठाया। केबीसी के नियमों व शर्तो के तहत उन्होंने ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन उन्होंने यह जरुर बताया कि वे केबीसी में एक निर्धारित राशि जीती।

इसी महीने चांपा की प्राचार्या पहुंची थीं

बता दें कि इसी महीने केबीसी में अमिताभ बच्चन के सामने जांजगीर चांपा जिले के चांपा की एक प्राइवेट स्कूल की प्राचार्या कल्पना सिंह नजर आयी थीं। कल्पना ने केबीसी में शानदार गेम खेला और वे 3 लाख 20 हजार रुपए जीतने में सफल रहीं। कल्पना ने 6 लाख 40 हजार रुपए के लिए सवाल भी खेला, लेकिन वो उस सवाल का सही जवाब नहीं दे सकीं। कल्पना से जो सवाल पूछा गया था वो उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती से जुड़ा हुआ था।

खास-खबर

बीजापुर में 2 लाख रुपए के इनामी नक्सली दंपत्ति ने किया सरेंडर

बीजापुर। बीजापुर जिले में बुधवार को एक नक्सली दंपत्ति ने एसपी कमललोचन कश्यप के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित नक्सली फगुराम कवासी (26 साल) इंद्रावती एरिया कमेटी और उसकी पत्नी मोतीन कवासी (25 साल) च्रक्रस यानी क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन की सदस्य है। ये दोनों पिछले कई वर्षों से माओवाद संगठन से जुड़कर काम कर रहे थे। माओवादियों की खोखली विचारधारा, जीवन शैली, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छग शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर दोनों पति पत्नी ने आत्मसमर्पण कर दिया। समर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन के लिए शासन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पर्यावरण संरक्षण के लिए नजीर बना निष्प्रयोज्य माइंस का नेचुरल हैबिटैट

सीएम भूपेश बघेल ने किया अवलोकन, लगाया बरगद का पौधा

रायपुर/नवप्रदेश। देश में पर्यावरण की मानव निर्मित विशाल धरोहर दुर्ग जिले के नंदिनी की खाली पड़ी माइंस में बनी है। यहां विशाल मानव निर्मित जंगल विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को नंदिनी में इस प्रोजेक्ट का अवलोकन किया। नंदिनी की खाली पड़ी खदानों की जमीन में यह प्रोजेक्ट विकसित किया गया है।

डीएमएफ-एडीबी राशि से तैयार- उल्लेखनीय है कि इसके लिए डीएमएफ तथा अन्य मदों से राशि ली गई है। लगभग 3.30 करोड़ रुपए की लागत से यह प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यहाँ बरगद का पौधा लगाया और जंगल का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पर्यावरण संरक्षण के लिए यह प्रोजेक्ट तैयार किया गया।

पक्षियों के लिए आदर्श रहवासः मानव निर्मित इस पूरे प्रोजेक्ट को इस तरह से विकसित किया गया है कि यह पक्षियों के लिए भी आदर्श रहवास बनेगा। पक्षियों के पार्क के रूप में विकसित होगा। यहां पर एक बहुत बड़ा वेटलैंड है जहां पर पहले ही विसलिंग डक्स, ओपन बिल स्टार्क आदि लक्षित किए गए हैं। यहां झील तथा नजदीकी परिवेश को पक्षियों के ब्रीडिंग ग्राउंड के रूप में विकसित होगा।

प्रकृति को सहेजने हमने हमेशा तवज्जो दिया : मो अकबर- वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि हमने प्रकृति को सहेजने के लिए ये बड़ा निर्णय लिए। चाहे लेमरू प्रोजेक्ट हो या नदियों के किनारे प्लांटेशन, प्रकृति को हमने हमेशा तवज्जो दी। यहां मानव निर्मित जंगल का बड़ा काम हुआ है। मैं इसके लिए क्षेत्र की जनता को बधाई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश दुनिया के सामने बना उदाहरण

यह प्रोजेक्ट देश दुनिया के सामने उदाहरण है कि किस तरह से निष्प्रयोज्य माइंस एरिया को नेचुरल हैबिटैट के बड़े उदाहरण के रूप में बदला जा सकता है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने यह प्रशंसनीय कदम है। यहां 100 एकड़ में औषधीय पौधे तथा फलोद्यान भी विकसित करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिये ये बड़ी पहल है। इससे प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी।

इको टूरिज्म का होगा विकास

इसके साथ ही इस मानव निर्मित जंगल में घूमने के लिए भी विशेष व्यवस्था होगी। इसके लिए भी आवश्यक कार्य योजना बनाई गई है ताकि यह छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु देश के सबसे बेहतरीन पर्यटन स्थलों में शामिल हो सके।

83 हजार से अधिक पौधे रोपे

उल्लेखनीय है कि 17 किलोमीटर क्षेत्र में फैले नंदिनी के जंगल में पहले ही सागौन और आंवले के बहुत सारे वृक्ष मौजूद हैं। अब खाली पड़ी जगह में 83,000 पौधे लगाये गये हैं। इसके लिए डीएमएफ-एडीबी से राशि स्वीकृत की गई। इस अवसर पर पीसीसीएफराकेश चतुर्वेदी ने विस्तार से प्रोजेक्ट की जानकारी दी और इस कार्य मे लगे अधिकारियों को बधाई दी।

खर्च के लिए फिर कर्ज लेगी सरकार

कर्ज के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार : चौबे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार को फिर कर्ज लेने की जरुरत पड़ गई है। अब सरकार ये कर्ज अपने ही कर्मचारियों को वेतन और भत्ता देने के लिए ले रही है। जिसके लिए आरबीआई से 1 हजार करोड़ रुपए कर्ज लेने की तैयारी कर ली गई है।

दरअसल, वर्ष 2018 में सत्ता में काबिज हुई कांग्रेस की सरकार को विरासत में भी 41 हजार 695 करोड़ का कर्ज का बोझ मिला था। जिसके बाद भूपेश सरकार ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में किये गए वादे को निभाने कर्ज लेना शुरू किया। दिसंबर 2018 से जनवरी 2021 तक लगभग 36 हजार 170 करोड़ रुपए का कर्ज सरकार ने लिया है। जिसमें रिजर्व बैंक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिगड़ी आर्थिक स्थिति

कर्ज लेने के पीछे सरकार ने किसानों की कर्ज माफी, धान समर्थन मूल्य के अंतर की राशि सहित अन्य योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को पहुंचाने का दलील दिया गया था। इस बीच कोरोना संक्रमण की वजह से भी प्रदेश में आय का स्रोत कम हुआ,जिसकी भरपाई अभी तक नहीं हो पाई है। हालाकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दावा है कि प्रदेश में कोरोना संकटकाल के बावजूद आर्थिक स्थिति को डगमगाने नहीं दिया गया। चुनौतियों का सामना डटकर करते हुए दूसरे राज्यों की अपेक्षा छत्तीसगढ़ आज बेहतर स्थिति में है। लेकिन वित्तीय ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हादसा : अब तक शिनाख्त नहीं

बस-कार के बीच टक्कर चार लोग जिंदा जले

रामगढ़ (ए.)। रामगढ़-बोकारो मार्ग में चितरपुर मुरुबन्दा पुल के समीप बुधवार सुबह 8 बजकर 14 मिनट पर एक वैगन आर कार और बस की आमने सामने टक्कर हो गयी। टक्कर के बाद कार और बस के अगले हिस्से में आग लग गई, जिसमें कार में सवार चार लोगों की मरने की आशंका है। कार बुरी तरह से बस में घुस गई है। इसलिए अभी तक मृतकों की वास्तविक संख्या की पुष्टि नहीं हो पाई है। कार के अंदर मिले मृतकों के अवशेषों से पता लगाया जा रहा है कि मृतकों की संख्या चार है।

पटना से निबंधित है कारः बुधवार की सुबह महाराजा बस धनबाद से रामगढ की ओर जा रही थी। इसी क्रम में पटना बिहार से आ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस साल प्रदेश के सरकारी स्कूलों के छात्रों को देना पड़ेगा शुल्क

रायपुर (नवप्रदेश)। इस शिक्षा सत्र में छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के बच्चों को इस साल फीस देने होंगे। बीते साल कोरोना वायरस के संक्रमण काल में सरकार ने फीस नहीं लेने का निर्णय लिया था, लेकिन अब कोरोना की दूसरी लहर लगभग थम गई है। इसलिए राज्य सरकार ने फीस लेने का आदेश दिया है। राज्य शासन के निर्देश पर लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूलों में प्रवेश के दौरान विभिन्न मदों से शुल्क के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत प्रत्येक विद्यार्थी को हाई स्कूल में 380 रुपये देने होंगे। इसी तरह उच्चतर माध्यमिक के विद्यार्थी को 415 रुपये का शुल्क देना पड़ेगा। विदित हो कि 26 जुलाई एवं एक सितंबर को जारी निर्देशानुसार प्रदेश के सभी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

9वीं से लेकर 12वीं तक के छात्रों को इतना देना पड़ेगा शुल्क

शुल्क स्तर राशि का विवरण	हाई स्कूल	उच्चतर माध्यमिक शाला
कार्यकलाप	50	50
निर्धन छात्र सहायता राशि	10	10
विज्ञान क्लब निधि	10	10
बालचर निधि	20	20
रेडक्रॉस निधि	30	30
क्रीड़ा शुल्क	50	65
विज्ञान क्लब	10	10
विज्ञान प्रायोगिक शुल्क	50	70
परीक्षा शुल्क	150	150
योग	380	415

प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर बधाई के साथ भेजेंगे 11 लाख पोस्टकार्ड

- भाजपा युवा मोर्चा को 5 लाख स्मार्टफोन में नमो एप इंस्टाल कराने की जिम्मेदारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जनाधार दिखाने की तैयारी कर ली है। इसके लिए बीजेपी नेता छत्तीसगढ़ से प्रधानमंत्री को 11 लाख पोस्टकार्ड पर बधाई संदेश के साथ आभार भेजने की तैयारी कर रहे हैं। यही नहीं भाजपा युवा मोर्चा को पांच लाख स्मार्टफोन में नमो एप इंस्टाल कराने की जिम्मेदारी मिली है। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बुधवार को इसकी जानकारी प्रेस कांफ्रेंस के जरिए दी है।

डॉ. सिंह का कहना है कि, नरेंद्र मोदी का 20 वर्ष का सेवाकाल जनता को समर्पित सेवा है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उसके बाद 2014 में उन्होंने देश के प्रधान मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर उनके कामकाज को लेकर बीजेपी अलग तरह से जश्न मनाने की तैयारी कर रही है।

केंद्र की योजनाओं को 20 दिन में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भारत में हमलों के लिए पाकिस्तान ने ड्रोन से भेजे थे हथियार

नई दिल्ली (ए.)। पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) और अंडरवर्ल्ड की ओर से भारत में त्योहारों के दौरान सिलसिलेवार धमाकों की साजिश का भंडाफोड़ होने के बाद कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में पकड़े गए आतंकियों के पास जो हथियार मिले हैं, उनका पंजाब में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए गिराए गए हथियारों से लिंक मिला है। माना जा रहा है कि हमले के लिए आतंकियों को हथियार ड्रोन के जरिए ही भेजा गया था।

राजनीति

रायबरेली या अमेठी से विधानसभा चुनाव लड़ने की चर्चा, यूपी में 2022 में होना है चुनाव

बंजर हो चुकी यूपी की सियासी जमीन को 'पीजी' के सहारे 'उपजाऊ' बनाने की तैयारी में कांग्रेस!

रायपुर। उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। जैसे-जैसे चुनाव करीब आ रहे हैं, प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। बंजर हो चुकी उत्तर प्रदेश की सियासी जमीन को पार्टी 'PG' (प्रियंका गांधी) के जरिए कांग्रेस 'उपजाऊ' बनाने की तैयारी में है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने यूपी की सियासी गंगा में कांग्रेस की तीन दशक से जर्जर हो चुकी नाव की पतवार संभाल कर नाव को मझधार में उतार दिया है। कहा जा रहा है कि यूपी कांग्रेस में नई जान फूंकने के लिए प्रियंका गांधी खुद चुनाव मैदान में उतरेंगी। मीडिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत ने भी दिया सुझाव

प्रियंका गांधी को चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया था कि उन्हें विधानसभा चुनाव में खुद मैदान में उतरना चाहिए। फिलहाल प्रियंका गांधी विधानसभा चुनाव लड़ेंगी या नहीं, उनकी तरफसे कोई संकेत नहीं दिए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी के चुनाव हार जाने के बाद वहां गांधी परिवार का दबदबा कम हुआ है। वहीं, कांग्रेस चेयरपर्सन सोनिया गांधी की सेहत ठीक नहीं होने के चलते रायबरेली में भी गांधी परिवार का जनता से संपर्क कम हुआ है। ऐसे में प्रियंका के चुनाव लड़ने से अमेठी और रायबरेली क्षेत्र की जनता के साथ कांग्रेस के संबंधों को मजबूती मिल सकती है। रायबरेली और अमेठी बरसों से गांधी परिवार का गढ़ रहा है और प्रियंका इस रिश्ते को कमजोर नहीं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गांधी परिवार की पहली सदस्य होंगी प्रियंका

अगर प्रियंका गांधी विधानसभा चुनाव लड़ती हैं तो गांधी परिवार की पहली सदस्य होंगी। इससे पूर्व गांधी परिवार के सदस्य केवल लोकसभा चुनाव ही लड़ते आए हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रियंका की पहली पसंद अमेठी है, क्योंकि वहां राहुल गांधी की हार का बदला लेने के लिए अमेठी में लोकसभा चुनावों की जमीन तैयार करेंगी, जिससे स्मृति ईरानी को 2024 के लोकसभा चुनावों में चुनौती दी जा सके।

गुजरात में पूरी तरह नई होगी सरकार

- बड़े फेरबदल पर बढ़ी रार, आज होगा मंत्रियों का शपथ समारोह

अहमदाबाद (ए.)। गुजरात में बीजेपी नया सीएम बनाने के बाद अब शायद पूरी सरकार को ही नया करने की तैयारी में है। खबरें हैं कि पार्टी ने 90 फीसदी के करीब मंत्रियों को बदलने की तैयारी कर ली है। इसके चलते तमाम दिग्गज नेता नाराज बताए जा रहे हैं और आपसी सहमति न बन पाने की वजह से शपथ ग्रहण समारोह को ही टाल दिया गया है। अब भूपेंद्र पटेल के मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को दोपहर को 1:30 बजे होगा, जो आज ही दोपहर दो बजे होने वाला था। आज नाराज नेता पूर्व सीएम विजय रूपाणी के घर पहुंचे और नई सरकार में मंत्री न बनाए जाने को लेकर विरोध दर्ज कराया। फिलहाल पार्टी में मंथन जारी है और इस बीच समय लेते हुए शपथ समारोह को ही टाल दिया गया है।

गुजरात भाजपा के प्रवक्ता ने सुबह ही ऐलान कर दिया था कि आज दोपहर 2 बजे मंत्रियों का शपथ समारोह होगा। यहां तक कि राजभवन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उच्च शिक्षा की बेहतर अधोसंरचना तैयार, नियुक्तियों के खुले द्वार : सीएम

दुर्ग/ नवप्रदेश। उच्च शिक्षा की बेहतरीन अधोसरंचना हमने तैयार की है। जहाँ जरूरत है वहां पर नये महाविद्यालय आरंभ किये हैं और यहां सुविधाओं में भी काफी इजाफा किया है। रोजगार के द्वार भी सरकार ने खोले हैं। अभी विद्युत कंपनी, असिस्टेंट प्रोफेसर, पटवारी, पुलिस आदि की नियुक्ति की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में गोधन न्याय योजना आदि योजनाओं के माध्यम से अतिरिक्त आय का द्वार खुला है। यह बात शासकीय नागरिक कल्याण महाविद्यालय के लोकार्पण के

अवसर पर मुख्यमंत्री ने कही। 1985 से बने इस महाविद्यालय के लिए भवन 4 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश में 10 लाख क्विंटल वर्मी कंपोस्ट का उत्पादन हुआ है। सरकार के प्रयासों से जैविक खेती का रास्ता खुला है और धीरे.धीरे प्रदेश की पहचान इस ओर बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के साथ सभी वर्गों के समुचित विकास के लिए कार्य सरकार ने किया है। कर्जमाफी के निर्णय से किसानों को बड़ी राहत पहुँचाई। इसके साथ ही राशनए हाफ रेट बिजली आदि योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के विकास के लिए समुचित प्रयास किया। अपने संबोधन में जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने आम जनता के बुनियादी महत्व के सभी विषयों पर राहत पहुँचाई है। तेजी से विकास किया है और सभी वर्गों के विकास की चिंता की है। उन्होंने कहा कि चाहे कर्ज माफी हो या सबको राशन देने की बात होए शासन की योजनाएं सबके दिल को छू लेने वाली हैं। पीएचई मंत्री गुरुरुद्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अहिवारा को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाया। नंदिनी.जामुल रोड का भूमिपूजन हुआ। यहां 15 अक्टूबर के बाद काम हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सबको बुनियादी सुविधाएं देने के लिए सरकार संकल्पित है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल ने इस अवसर पर कहा कि उच्च शिक्षा के लिए तेजी से कार्य शासन द्वारा किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में नागरिक आवश्यकताओं के मुताबिक नये कालेज आरंभ किये गये हैं। इस मौके पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने प्रतिवेदन पढ़ा और अहिवारा में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। सर्किट हाउस का लोकार्पण. मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सर्किट हाउस का लोकार्पण भी किया। इसकी लागत 1 करोड़ 30 लाख रखी गई है।

अव्यवस्था देख विधायक वोरा ने जताई नाराजगी

दुर्ग/नवप्रदेश। विधायक अरुण वोरा ने इंदिरा मार्केट में फैली अव्यवस्था व समस्याओं को लेकर नाराजगी जताते हुए निगम अफसरों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हजारों लोगों की आवाजाही वाले इंदिरा मार्केट की व्यवस्था दुरुस्त करने का काम सर्वोच्च प्राथमिकता से होना चाहिए। शहर का मुख्य बाजार होने के कारण यहां सुबह से रात तक खरीदारी करने वालों की भीड़ रहती है। यहां की साफ सफाई व्यवस्था, आवागमन सुविधा और पार्किंग के इंतजाम बेहतर बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए। सड़क पर कई जगह गड्ढे होने के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है। यहां जीरा गिट्टी डालने का काम किया जाए ताकि लोग आसानी से आवाजाही कर सकें। मार्केट के सभी टायलेट में सफाई की व्यवस्था बेहतर होना चाहिये। मार्केट में पार्किंग की समस्या कई सालों से है। वाहन पार्किंग के लिये तत्काल जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। यूनिशेड का निर्माण कार्य भी तत्काल पूरा किया जाए, ताकि सब्जी व्यवसाइयों को परेशानी न हो। काम में विलंब होने के कारण व्यवसायी परेशान हैं। आयुक्त हरेश मंडावी से कहा है कि वे स्वयं मार्केट एरिया का भ्रमण करें और सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करें।

उन्होंने दोनों कुंओं में कचरा भरा होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कुओं को संरक्षित करने का काम होना चाहिये लेकिन यहां कचरा भरा होने के कारण भूजल प्रदूषित हो सकता है और भयंकर सड़ांध से व्यवसाइयों और नागरिकों को स्वास्थ्य से संबंधित समस्या हो सकती है। निरीक्षण के दौरान मार्केट में महिला ई रिक्शा चलाकर जीवन यापन करने वाली कुमारी साहू ने वोरा को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि किराये का ई रिक्शा चलाने के कारण पर्याप्त आमदनी नहीं हो पाती है। ई रिक्शा के लिए विधायक से लोन दिलाने का निवेदन किया। जिस पर विधायक ने जल्द पहल का आश्वासन दिया।

■ न्यूज गैलरी

स्कूली बच्चों के लिए थालियों का वितरण

कुम्हारी। स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मिडिल क्लास के बच्चों के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों के सहयोग से मंगलवार को थालियां वितरित की गई। अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले जाने से जंजगिरी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत यहां के नागरिकों में काफी हर्ष है। संसाधनों तथा पढ़ाई की गुणवत्ता को बढ़ाने में यहां की पालिका प्रशासन, शिक्षा विभाग तो रुचि ले ही रही हैं। साथ ही साथ यहां के स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि भी पीछे नहीं है। सुविधाओं मे बढ़ोतरी के उद्देश्य से ही मिड डे मिल के लिए एल्डरमैन अशोक साहू, शा.वि. समिति उपाध्यक्ष तीरथ देवांगन, दिनेश यादव, राम निर्मलकर द्वारा बच्चों के लिए थालियां प्रदान की गई।

पहले दिन 17 आवेदन का हुआ निराकरण

भिलाई। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के निर्देश पर आज से भिलाई निगम के सभी जोन में जन समस्या निवारण शिविर प्रारंभ हो गया है। जो कि 30 सितंबर तक आयोजित होगा। शिविर का समय प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक नियत किया गया है। शिविर के प्रथम दिन निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने व्यवस्थाओं एवं प्राप्त हो रहे आवेदन के निराकरण को लेकर शिविर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक योजनाओं के लिये पृथक से पंजी संधारित करने के निर्देश दिये। जब आयुक्त शिविर स्थल में पहुंचे तब महापौर परिषद के पूर्व सदस्य जी राजू ने पूर्व शिविर में दिए गए आवेदन के मजदूर कार्ड प्राप्त नहीं होने की समस्या बताई। जिस पर त्वरित रूप से आयुक्त ने शिविर स्थल से ही श्रम विभाग के अधिकारियों से बात की और निगम को निर्मित हो चुके मजदूर कार्ड की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने कहा। निगम आयुक्त ने शिविर में संलग्न सभी कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन की जानकारी ली और अधिकारियों को निराकरण योग्य आवेदनों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में पहुंचे निगम कमिश्नर

भिलाई। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 03 कोसानगर के यादव मोहल्ला पहुंचे। बारिश के दिनों में यहां जलभराव की स्थिति देखने को मिलती है, साथ ही नाला का पानी भी सड़क पर बहने लगता है। आयुक्त इस क्षेत्र में मॉर्निंग विजिट के लिये में पहुंचे और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। आयुक्त ने निर्देश दिये कि नाली सफाई के तुरंत बाद मलबा को हटाकर उस स्थल में चूना एवं ब्लीचिंग का छिड़काव करे ताकि स्थल स्वच्छ रहे और कोई संक्रामक बीमारी का फैलाव न हो। मोहल्ले के सकरी गलियों से होते हुए अमृत मिशन के तहत बिछाये गये पाइप लाईन से घरों में पानी आने की जानकारी ली।

कोसानगर के नाला का निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि जल प्रवाह निरंतरता में होना चाहिये, नाले में कचरा न फंसे इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

15 लाख से गौठान में होने वाले फेसिंग, गेट का कार्य जल्द शुरू करें

महापौर ने किया गौठान का निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा पुलगांव स्थित गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने कल्याण महिला स्व सहायता समूह के संचालक से मुलाकात की और गौठान के व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पशु चिकित्सक द्वारा प्रतिदिन गायों के स्वास्थ्य की जांच और ईलाज की जानकारी दी। गौठान में मवेशियों के व्यवस्थाओं के संबधं में महापौर ने समूह के संचालक पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा पशुओं का रख रखाव पर विशेष ध्यान रखा जाए, लापरवाही बिल्कुल न करें। इस दौरान पर वित्त विभाग प्रभारी दीपक साहू,

शिक्षा विभाग प्रभारी मनदीप सिंह भाटिया और कार्यपालन अभियंता एमपी गोस्वामी मौजूद थे। मेयर धीरज बाकलीवाल ने गौठान की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा की बारिश के मौसम के कारण जहां पानी का जमाव है वहां पर मलमा डलवाएं तथा गौठान में अच्छी व्यवस्था बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। गौठान के अंदर टीन शेड निर्माण जल्द काम शुरू करें जिससे जानवरों को बारिश तथा दलदल से बचाव किया जा सके। सड़क सीमेंटीकरण, नाली और पुलिया के लिए जल्द प्रस्ताव बनाने के लिए आवश्यक निर्देश। गौठान में जानवरों के लिए चारा व्यवस्था हेतु चारो तरफ फेंसिंग करवाए जिससे जानवरो के लिए चारा सुरक्षित रह सके और मवेशियों के लिए गाजर घांस आदि की व्यवस्था करने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा गौठान में होने वाले निर्माण कार्यों में तेजी लाए, 15 लाख की लागत से होने वाले फेंसिंग और गेट बनाने के लिए निर्देश दिए ताकि गौठान की क्षमता को और बढ़ाई जा सके। महापौर धीरज बाकलीवाल निगम के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओं का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
मा.क्रं. 202109100900007
विषयः अ-6 वर्ष 2020-21
सांकरा प.ह.न.00008(499/34(0.0250 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- किरण
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.न. 08 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका किरण तिवारी पति महेन्द्र कुमार अन्य 02 निवासी ग्राम शिवानंद नगर खमतराई तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.न. 08 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने पति/पिता महेन्द्र कुमार तिवारी पिता तुमन प्रसाद के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 499/34 रकबा 1100 वर्गफीट में खातेदार महेन्द्र कुमार का दिनांक 27.04.2021 को फौती नामांतरण से दर्ज किए जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदिका किरण तिवारी पति महेन्द्र कुमार अन्य 02 द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 04.10.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
मा.क्रं. 202109100900009
विषयः अ-6 वर्ष 2020-21
बोदल प.ह.न.00029 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार-
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम बोदल प.ह.न. 29 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदकगण लाजेश कुमार वर्मा पिता स्व. ईश्वर प्रसाद अन्य 03 निवासी ग्राम बोदल तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम बोदल प.ह.न. 29 तहसील पाटन स्थित ताराबाई पति ईश्वर प्रसाद के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 329/1, 361, 108/2 रकबा क्रमशः 0.76, 0.40, 0.06 हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 1.22 हे. को भूमिस्वामी ताराबाई पति ईश्वर प्रसाद द्वारा आवेदक लाजेश के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत वसीयतनामा 15.11.2019 के आधार पर वसीयतकर्ता भूमिस्वामी ताराबाई की दिनांक 27.07.2020 को मृत्यु हो जाने से आवेदित भूमि आवेदक के नाम नामांतरण किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदकगण लाजेश कुमार वर्मा पिता स्व. ईश्वर प्रसाद अन्य 03 द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 04.10.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
मा.क्रं. 202109100900008
विषयः अ-6 वर्ष 2020-21
अमलेश्वर प.ह.न.00005(193/3(0.0520 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार-
कचरा बाई देवांगन
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका कचरा बाई देवांगन पति अधारु देवांगन निवासी ग्राम चंगोराभाठा रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न. 05 तहसील पाटन स्थित भूमिस्वामी दीपक रामदुलकर पिता स्व. श्यामराव समदुलकर के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 193/3 का भाग रकबा 2757 वर्गफीट को पंजीकृत बैनामा दिनांक 30.11.2016 से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक श्री विनय पिता स्व. मोहन साहू द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शिता भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 04.10.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.09.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्राण कुमारी पिता स्व. भुखऊ साहू निवासी वार्ड 04 गली नं. 06 गयानगर दुर्ग मौजा बघेरा प.ह.नं. 17/7 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 173/1 रकबा 0.4400 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार पुरन साहू पिता स्व. भुखऊ साहू से दिनांक 02.09.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.09.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका कुमारी विभा पाण्डेय पति धनजंय पाण्डेय साकिन उतई के द्वारा ग्राम डुमरडीह प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 928/3 रकबा 0.013 हे. भूमि प्रीति वर्मा पति महेन्द्र वर्मा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 29.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 13.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती परवीन बानो अंसारी पिता/पति मो. हबीबुर रहमान निवासी ग्राम कुरुद रोड कोहका तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 257/231 का टु रकबा 0.007 हे. भूमि को विक्रेता मो. जाकीर कुरैशी पिता स्व. अब्दुल कादर कुरैशी अन्य 02 निवासी ग्राम जालाना महाराष्ट्र से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती परवीन बानो अंसारी पिता/पति मो. हबीबुर रहमान निवासी ग्राम कुरुद रोड कोहका तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 257/231 का टु रकबा 0.007 हे. भूमि को विक्रेता मो. जाकीर कुरैशी पिता स्व. अब्दुल कादर कुरैशी अन्य 02 निवासी ग्राम जालाना महाराष्ट्र से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती परवीन बानो अंसारी पिता/पति मो. हबीबुर रहमान निवासी ग्राम कुरुद रोड कोहका तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 257/231 का टु रकबा 0.008 हे. भूमि को विक्रेता मो. जाकीर कुरैशी पिता स्व. अब्दुल कादर कुरैशी अन्य 02 निवासी ग्राम जालाना महाराष्ट्र से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. सलीम जावेद राईन पिता स्व. मो. रशीद राईन निवासी ग्राम तकियापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 555/45 रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता मो. आफाक कुरैशी पिता स्व. हाजी शेख अब्दुल्ला निवासी ग्राम तकियापारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 02.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.08.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती दीपिका साहू पति कामता साहू निवासी ग्राम तोरण कट्टा तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 642/4/50 का टु. रकबा 0.018 हे. भूमि को विक्रेता उमेश पाण्डेय पिता राजनारायण पाण्डेय निवासी ग्राम मैत्रीकुंज रिसाली से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 05.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कैसर परवीन पति काजी वाजिद जुनेद निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/639 रकबा 0.024 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती अंजुमन बानो पिता/पति सैय्यद मासुम अली निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 04.09.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कोमल ठाकुर पिता हिन्साराम ठाकुर निवासी ग्राम विराट नगर बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 41/117 का टु. रकबा 286 वर्गफीट भूमि को विक्रेता डॉ. जयनारायण अग्रवाल पिता स्व. देवीप्रसाद अग्रवाल निवासी ग्राम जुनवानी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 08.09.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूर्वा झा पति शिव संतोष झा निवासी ग्राम नागपुरा तहसील व जिला महाराष्ट्र के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 390/3 रकबा 0.030 हे. भूमि को विक्रेता मौसमी राय पिता/पति पी.के चन्द्राकर अन्य 02 निवासी ग्राम हरियाणा से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 06.09.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपहारग्रहिता यशवंत बुधे पिता लक्ष्मण राव बुधे निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 726/73 रकबा 0.008 हे. भूमि को उपहारकर्ता श्रीमती सुमति बुधे पति लक्ष्मण राव बुधे निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग से रजिस्टर्ड उपहार पत्र दिनांक 26.08.2021 को क्रय किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड उपहार पत्र के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दानप्राप्तकर्ता श्री बरकत अली पिता स्व. दीन मोहम्मद निवासी ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 995/13 का टु. रकबा 3000 वर्गफीट भूमि को दानकर्ता नवाब अली पिता स्व. दीन मोहम्मद निवासी ग्राम पद्मनाभपुर दुर्ग से रजिस्टर्ड दानपत्र दिनांक 06.09.2021 को दान में प्राप्त किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड दानपत्र के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री गुलशन कुकरेजा	202108100400499

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री गुलशन कुकरेजा आ. श्री भजनदास कुकरेजा निवासी सिंधी कालोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम पुलगांव प.ह.न. 25 तह. व जिला दुर्ग	142/1	0.089 हें	वाणिज्यिक

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202109100400132

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती श्रद्धा देशमुख पति प्रवीण कुमार देशमुख निवासी बघेरा द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 266/65 रकबा 0.013 हें 1440 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202109100400124

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मालती राठी पति मुरलीधर निवासी गंजपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 13 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 91/3 रकबा 0.19 हें 20444 वर्गफीट भूमि के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
पंजी. 202109100400123

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती मनीषा राठी पति अशोक राठी निवासी गंजपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम जेवरा प.ह.न. 13 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 91/1 रकबा 0.200 हें 21780 वर्गफीट भूमि के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र
मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोज कुमार चतुर्वेदी पिता रामप्रसाद चतुर्वेदी निवासी नेहरुनगर पूर्व भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 60/179 रकबा 0.01 हे. 900 वर्गफीट भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता देवेन्द्र कुमार जैन पिता राजाराम जैन के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 20.09.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शहबी बेगम खान पति अकबर खान निवासी म.न. 174 वार्ड नं. 11 महाराणा प्रताप शंकरनगर दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 847/3 रकबा 982 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार बिन्ते रसूल व अन्य 02 पिता/पति इसलाम कुरैशी से दिनांक 12.08.2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 28.09.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.09.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं कु. निशा ठाकुर पिता श्री नेतूराम कोसमा निवासी क्वा. नं. 9/डी सड़क 01 सेक्टर-4 भिलाईनगर तह. व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं। मेरे पिता भिलाई इस्पात संयंत्र में कोक ओवन एवं सी.सी.डी. अनुभाग सी.एस.पी. में सीनियर आपरेटिव्ह के पद पर कार्यरत् है जिसका प.नं. 154461 है। मेरे पिता के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम निशा NISHA लिखा हुआ है। मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड में मेरा नाम निशा ठाकुर NISHA THAKUR दर्ज है तथा मैं उसी नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं। मैं अपने पिता के सर्विस रिकार्ड में अपना नाम निशा के स्थान पर पूरा नाम निशा ठाकुर पिता श्री नेतूराम कोसमा सुधार कराना चाहती हूं। यह कि निशा ठाकुर एवं निशा दोनों ही नाम मेरे स्वयं के ही है तथा उक्त दोनों नामों से मेरे ही नाम का संबोधन होता है तथा मैं एक ही हूं।

अतः यह शपथपत्र अपने पिता के सर्विस रिकार्ड में अपना पूरा नाम निशा ठाकुर सुधार कराने के लिए सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

मुहर — **शपथकर्ता निशा ठाकुर**

न्यूज गैलरी

पैंगोलिन की खाल के साथ सीआईएसएफ का एसआई गिरफ्तार

रायपुर। पैंगोलिन की खाल बेचने के आरोप में वन विभाग की टीम ने रायपुर एयरपोर्ट में पदस्थ एसआई जितेंद्र पोरचे को गिरफ्तार किया है। वन विभाग की टीम आरोपी सीआईएसएफ के अफसर से पंडरी स्थित वन विभाग के कार्यालय में पूछताछ की। आरोपी पैंगोलिन की खाल बेचने के लिए कैसे लाया था, इस पर पतासाजी की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार बुधवार की शाम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जय स्तंभ चौक पर पैंगोलिन की खाल बेचने की फिराक में आरोपी घूम रहा है। मुखबिर की सूचना पर वन विभाग की टीम ने दबिश देकर उसे पकड़ा। आरोपी से 4 किलो पैंगोलिन की खाल बरामद की गई है। साथ ही आरोपी से पूछताछ में पता चला की वह सीआईएसएफ का एसआई है जो एयरपोर्ट में पदस्थ है। अभी और पूछताछ आरोपी से की जा रही है जल्द पूरे मामलें का खुलासा वन विभाग के अफसर करेंगे।

मकान से एलईडी टीवी की चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। नव निर्मित मकान के दरवाजे का ताला तोड़कर एलईडी टीवी व नल चोरी करने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज करायी गई है। बांस टाल शास्त्री बाजार निवासी शंकर लंगोटे 32 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि गोकुल नगर में उसका नव निर्मित मकान है। जहां उसने घरेलू सामान दिसम्बर 2020 में शिफ्ट किया था। 5 सितंबर की दोपहर करीब 3 बजे मकान देखने पहुंचे तब दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर एलईडी टीवी और रूम में लगा हुआ 12 नग नल गायब था। जिसके बाद प्रार्थी ने अज्ञात चोर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380, 457 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

युवक से मारपीट, 4 पर मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा थाना क्षेत्र में बाइक से जा रहे युवक का रास्त रोककर मारपीट करने और धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि संजय नगर ख्वाजा गली निवासी मो ईशान नियाजी 28 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि बीती शाम करीब 5 बजे अपने दोस्त गोलु तिवारी को मंदिर छोडने के लिए संतोषी नगर बाइक से गया था। तभी संतोषी नगर ओवर ब्रिज पास सानु नाम के दो लड़के, साहिल और अमजद ने उसका रास्ता रोककर गाली–गलौच कर उसका मोबाइल पटक दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए उस पर नुकीले हथियार से हमला कर दिया।

खाते से 1.37 लाख पार, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के गुढियारी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के खाते से एक लाख 37 हजार 699 रुपये किसी ने निकाल लिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में एक बार फिर बैंक पर सवाल खड़े हुए हैं। दो माह से प्रार्थी के खाते से पैसे कट रहे थे लेकिन पैसे कटने का मैसेज उसके मोबाईल पर नही आ रहा था। मिली जानकारी के मुताबिक गुलाब नगर गुढियारी निवासी बैरिस्टर सिंग ने पुलिस को बताया, कि सिलतरा स्थित प्राइवेट कंपनी में फिटर का काम करता है। 8 सितंबर को जनता कालोनी स्थित एटीएम में पैसा निकालने गया था, तो अकाउंट से पैसे नहीं निकले। बैंक में जाकर जानकारी मांगी तो पता चला कि पेटीएम के माध्यम से पिछले दो माह से खातों से पैसे निकाल रहे हैं। पैसे निकलने की जानकारी उन्हें मैसेज के माध्यम से नही मिली।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दे रहा, नौनिहालों की प्रतिभा को उभारने का मौका

■ **वनांचल के साढ़े 3 हजार विद्यार्थियों के सपने हो रहे पूरे**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के कई बच्चों का अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढना सपना ही रह जाता है। कई बच्चे प्रतिभावान होते हुए भी गरीबी के कारण गुणवत्तापूर्ण प्रतियोगी माहौल और शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। ऐसे सभी बच्चों के सपनों को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के माध्यम से पूरा करने का प्रयास राज्य सरकार कर रही है।

प्रदेश के कई जिलों की तरह उत्तर बस्तर कांकेर जिले के जिला मुख्यालय सहित अंतागढ, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदल, हरनगढ़ और नरहरपुर वनांचल क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ किया गया है। इनमें कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक 3 हजार 436 छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से हो रही पढ़ाई

स्वामी आत्माानंद इंग्लिश स्कूल में संचालित सभी कक्षाएं, लेबोरेटरी एवं कम्प्युटर लैब वाईफाई युक्त हैं। सम्पूर्ण शिक्षा आनलाईन व आफलाईन दोनों माध्यम से संचालित की जाती हैं। अंग्रेजी माध्यम में दक्ष 31 शिक्षकों का इन स्कूलों में संलग्नीकरण किया गया है। इसके साथ ही 10 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया है। अंग्रेजी माध्यम के शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था के लिए संविदा शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। इन स्कूलों में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को 2 सेट गणवेश,

टाई-बेल्ट, जूता-मोजा, स्कूल बैग इत्यादि उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही अधोसंरचना विकास के काम तेजी से किये जा रहे हैं।

57 प्रशिक्षित शिक्षकों की है व्यवस्था

कांकेर के ऐतिहासिक शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के रूप में सुविधा संपन्न बनाकर 2020-21 में शैक्षिणिक सत्र शुरू किया गया है। यहां प्रारंभिक सत्र में ही 616 से अधिक बच्चों ने प्रवेश लिया, जिनकी संख्या वर्ष 2021-22 में बढकर 831 हो गयी है। इस विद्यालय में प्रथम पाली में हिन्दी माध्यम तथा द्वितीय पाली में अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा दी जा रही है। यहां 57 प्रशिक्षित शिक्षकों व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की व्यवस्था है। सभी अध्यापन कक्षों को डिजीटल क्लासरूम के रूप में विकसित करते हुए ज्ञानवर्धक चित्रों से सुसज्जित और आकर्षक बनाया गया है।

डिजिटल कक्षाओं के लिए प्रशिक्षित शिक्षक

15 कक्षाओं में डिजिटल कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। विज्ञान की जिज्ञासाओं को दूर करने हेतु रसायन एवं जीव विज्ञान लैब में आधुनिक सुविधाऐं उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही भौतिकी लैब को भी नया रूप दिया जा रहा है। यहां 10 कम्प्यूटर व्यवस्थित कर ई-लायब्रेरी बनायी गयी है।

डिजिटल शिक्षा को बढावा देने के लिए कम्प्यूटर लैब की भी व्यवस्था विद्यालय में है। लैब में 20 कम्प्यूटर व डिजिटल स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को नियमित रूप से विषेशज्ञ शिक्षकों द्वारा कम्प्युटर शिक्षा दी जा रही है। यहां प्राचार्य कक्ष में लगे सेन्टल माईक सिस्टम और सीसी टीवी के माध्यम से कक्षाओं की नियमित मानिटरिंग की जाती है। बच्चों को अंग्रेजी में पारंगत बनाने के लिए यहां इंग्लिश लैब के माध्यम से नियमित अंग्रेजी भाषा सिखायी जा रही है।

पूर्व मंत्री मूणत के आरोप पर महापौर का वार

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश से रायपुर शहर तरबतर हो गया। सड़कों से लेकर लोगों के घरों, संस्थानों और दुकानों तक में पानी घुस गया। निचले इलाकों में रह रहे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी है। प्रशासन ने भी बाढ़ की स्थिति को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। अब इस पर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गया।

प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा है कि कांग्रेस ने नगर निगम को भ्रष्टाचार का अड्डा बना डाला है। जवाब में महापौर एजाज ढेबर ने पूछा है, जब पूर्व मंत्री 250 करोड़ का स्काइवॉक बनवा रहे थे, तो भ्रष्टाचार नहीं दिखा।

पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आगे लिखा कि स्मार्ट सिटी का पैसा खाने के लिए गैर जरूरी काम भी करवाए। अब लोगों पर डेंगू, मलेरिया और पीलिया का खतरा मंडरा रहा है। आज इस संबंध में पूछे गए सवाल पर महापौर एजाज ढेबर ने कहा, जब उन लोगों ने 250 करोड़ का स्काइवॉक बना दिया तब उनको भ्रष्टाचार दिखाई नहीं दिया। राजेश मूणत जी ने कई सारे अंडरब्रिज बना दिए तो क्या वे स्वीमिंग पूल थे।

कुदरत से कोई नहीं लड़ सकता : महापौर

महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि पानी जब इतना जमकर गिरेगा तो मैं और आप कुछ नहीं कर सकते। यह प्राकृतिक है। पानी का हम कुछ नहीं कर सकते। यह जरूर है कि जनहानि न हो, लोगों को परेशानी न हो, लोगों के घर में परेशानी न हो इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं।पूर्व मंत्री ने कहा, गुढियारी में जो अंडरब्रिज बने हैं, सबसे ज्यादा पानी तो वहीं भरता है। 10-10, 20-20 फीट तो पानी वहां भरता है। वह किसके लिए बनाए हैं, अपने नहाने के लिए बनाए हैं क्या। महापौर ने कहा कि 15 साल इनकी सरकार रही, किसी ने रायपुर की ओर नहीं देखा। सभी नया रायपुर गए। वहां 20 हजार करोड़ रुपए खर्च किया। मगर पुराने रायपुर में एक रुपए खर्च नहीं किया। यहां अगर प्लानिंग किए रहते, अच्छे से ड्रेनेज पर काम हुआ होता तो यह पानी भरने की समस्या ही न होती।

अब निगम कर्मियों की 24 घंटे होगी तैनाती

महापौर एजाज ढेबर ने बताया कि लोगों को परेशानी से बचाने के लिए नगर निगम कर्मचारियों को दिन-रात पूरे समय के लिए काम पर लगा दिया गया है। अलग-अलग नोडल अधिकारी बनाकर जिम्मेदारियां बांटी हैं। जोन में लोग हर समय रहेंगे। बारिश होगी तो हर आदमी, हर अधिकारी निकलेगा। जब सब निकलेंगे तो लोगों को पानी की वजह से हो रही परेशानी काफी हद तक दूर होगी।

कलेक्टरों से वर्षा की स्थिति तथा प्रभावित फसलों की शासन ने मांगी जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व विभाग द्वारा राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों से जिले में अब तक हुई वर्षा की स्थिति, बोई गयी खरीफ फसलों का राजस्व ग्राम बार रकबा, खण्ड एवं अनियमित वर्षा से फसलों की प्रभावित उत्पादकता की जानकारी मांगी गयी है। इस संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव सुश्री रीता शांडिल्य ने जिला कलेक्टरों को पत्र प्रेषित कर निर्धारित प्रपत्र में 17 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से जानकारी राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन को प्रषित करने के निर्देश दिए हैं। इधर राज्य शासन के निर्देशानुसार रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार ने रायपुर जिले में गत् दिनों हुए भारी बारिश से क्षति का सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए है। अपर कलेक्टर ने बताया कि 13 सितम्बर को भारी बारिश के कारण रायपुर जिले में 144 मकानों के क्षतिग्रस्त हुए है तथा एक जन और एक पशु हानि होने की जानकारी है।

नर्सिंग महाविद्यालयों में दाखिले के लिए होगी प्रवेश परीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नर्सिंग कोर्स के विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) ने प्रदेश के नर्सिंग महाविद्यालयों में भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन ऑनलाइन होगा।

प्रवेश परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का तरीका, प्रवेश परीक्षा नियम, पाठ्यक्रम आदि की विस्तृत जानकारी व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट www.vyapam.cgstate.gov.in पर अपलोड की जा चुकी है। इच्छुक परीक्षार्थी इस वेबसाइट से पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

ये होगी परीक्षा तिथि

व्यापम द्वारा बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग

पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा ली जाएगी। जिसमे बीएससी नर्सिंग के लिए 10 अक्टूबर 2021 और एमएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के लिए 24 अक्टूबर 2021 को प्रवेश परीक्षा होगी। इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

आवेदन की अंतिम तिथि

व्यापम से मिली जानकारी के मुताबिक नर्सिंग पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथि भी घोषित की गई है,जिसके अनुसार बीएससी नर्सिंग के लिए 23 सितंबर, एमएससी और पोस्ट बेसिक बीएससी पाठ्यक्रमों के लिए में 30 सितंबर निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन में लेट फीस की कोई प्रक्रिया नहीं होगी।

त्रुटि सुधार के लिए समय

ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार के लिए व्यापम ने समय सीमा निर्धारित किया है। जिसके अनुसार बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्रों में 24 से 26 सितंबर तक त्रुटि-सुधार किया जा सकेगा। वहीं एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन पत्रों में 1 अक्टूबर से 3 अक्टूबर तक त्रुटि-सुधार किया जायेगा।

स्वास्थ्य केंद्रों में नि: शुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध

डेंगू से बचाने क्लोरीन टेबलेट का वितरण

रायपुर/नवप्रदेश। बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियों के साथ ही मच्छरों के प्रकोप बढने से मलेरिया और डेंगू होने के भी संभावना बनी रहती है। बरसात में होने वाले संक्रामक बीमारियों में उल्टी दस्त, बुखार, पीलिया, मलेरिया, आंत्रशोथ आदि के फैलने का खतरा काफी बढ़ जाता है।

जिससे इन बीमारियों का महामारी का रूप धारण करने की सम्भावना काफी बढ़ जाती है। इन संक्रामक बीमारियों को प्रभावशाली तरीके से नियंत्रण के लिए सभी जल स्त्रोतों का जल शुद्धिकरण ब्लीचिंग पाउडर से हेण्ड पम्पों, कुओं, बोरींग के जल शुद्धिकरण के लिए क्लोरीनीकरण किया जाए। यह भी जरूरी है कि संक्रामक बीमारियों को रोकने के लिए सड़ी गली सब्जी, फल, आदि का सेवन न किया जाए। दस्त रोग के समुचित प्रबंधन हेतु लो ऑस्मोलर ओ.आर.एस. घोल लेना सुनिश्चित किया जाए। रायपुर जिले में लोगों को पानी के शुद्धिकरण के लिए क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया जा रहा है।

इसी तरह मलेरिया बीमारी में हाथ-पैर में दर्द, सिर दर्द, ठंड के साथ बुखार आता है। यह मादा एनाफ्लिीज संक्रमित मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया से बचने के लिए घर के आसपास पानी जमा होने ना दें, रूके हुए पानी में मिट्टी का तेल, मोबिल ऑयल डालें। शाम के समय नीम की पत्ती का धुंआ करें। सोते समय दवा लेपित मच्छरदानी का प्रयोग करें।सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में नि:शुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है।

डेंगू एक वायरस से होने वाली बीमारी का नाम है, जो एडीज नामक मच्छर की प्रजाति के काटने से होता है। इस मच्छर के काटने के करीब 3 से 5 दिनों में लक्षण दिखाई देने लगते है। जिसके कारण तेज बुखार और सर दर्द,मसल दर्द,जोड़ो में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देते है। इसे हड्डी तोड़ ÷बुखार÷ या ब्रेक बोन बुखार भी कहा जाता है। डेंगू का उपचार संभव है।

डेंगू के खतरे को कम करने के लिए घर मे और आस-पास पानी जमा ना होने दे, कूलर और बाल्टियों में पानी भरकर न रखे। कचरे के डिब्बे को हमेशा ढ़क कर रखे, स्वयं को मच्छरों से बचाना के लिए पूरे शरीर को ढ़कने वाले कपड़े पहनना बहुत जरूरी है। डेंगू जांच की सुविधा सभी शासकीय अस्पतालों एवं निजी अस्पतालों में नि:शुल्क उपलब्ध है।

डा. विश्वेश्वरैया जयंती पर महापौर एजाज ढेबर ने दी आदरांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। भारत रत्न डॉक्टर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 160 वीं जयन्ती आज राजधानी रायपुर के सिविल लाईन न्यू सर्किट हाउस के पास स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष मनाई गई। नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे व छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अभियन्ता दिवस पर डा. विश्वेश्वरैया को आदरांजलि दीं।

महापौर श्री ढेबर ने अभियन्ता दिवस पर देश के महान अभियन्ता भारत रत्न सर डॉक्टर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को उनकी 160 वीं जयन्ती पर रायपुर में सिविल लाइन्स में न्यू सर्किट हाउस के समीप चौक के किनारे स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में रखे गये संक्षिप्त आयोजन में पहुंचकर समस्त राजधानीवासियों की ओर से सादर नमन कर आदरांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर नगर निगम में सभापति प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ राज्य पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी एवं बड़ी संख्या में विभिन्न शासकीय, अर्ध शासकीय विभागों में सेवारत, सेवानिवृत्त अभियंताओं, विभिन्न निजी संस्थानों के अभियंताओं ने देश के महान अभियन्ता डा. विश्वेश्वरैया की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

नवप्रवेशित डी फार्मेसी के विद्यार्थियों के स्वागत में 'फर्स्ट स्टेप -2021' का आयोजन संपन्न

नया रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले डी. फार्मेसी के विद्यार्थियों के स्वागत के लिए इंडक्शन कार्यक्रम ''फर्स्ट स्टेप - 2021'' का ऑनलाइन आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान नए विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्ध सुविधाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गयी। इस आयोजन में नए विद्यार्थियों के स्वागत के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिता, ज्ञान पहेली प्रतियोगिता, नृत्य एवं सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

''फर्स्ट स्टेप - 2021'' के ऑनलाईन आयोजन के प्रथम चरण में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर, महानिर्देशक डॉ. बैजू जॉन, कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आशा अंभईकर, अकादमिक कार्यो के अधिष्ठाता राहुल मिश्रा, फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ. संदीप तिवारी और मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कार्पोरेट ट्रेनर संदीप मल्होत्रा की उपस्थिति में ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती वंदना करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर नए विद्यार्थियों के स्वागत के

लिए विश्वविद्यालय की वरिष्ठ छात्रा सुश्री डी. वसावी का एकल नृत्य की रिकार्डिंग प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने नए विद्यार्थियों को स्वागत भाषण के माध्यम से कलिंगा विश्वविद्यालय के अब तक के स्वर्णिम सफर और उपब्धियों को बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ने बहुत कम समय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में संपूर्ण देश में अपनी पहचान दर्ज की है। तथा विश्वास व्यक्त किया कि विश्वविद्यालय नये विद्यार्थियों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर ने नए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नवीनतम ज्ञान प्राप्त करने का समय है। समय तेजी से बदल रहा है और हमें अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार अपने को तैयार करना है। उन्होंने बताया कि कलिंगा विश्वविद्यालय का उद्देश्य व्यावहारिक ज्ञान के साथ-साथ अनुसंधानपरक एवं मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। जिससे विद्यार्थी अपने सर्वोत्कृष्ट लक्ष्य को प्राप्त करे और एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश और समाज में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभा सके। कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिर्देशक डॉं. बैजू जॉन ने कहा कि पूर्ण समर्पण निष्ठा और सही दिशा का चयन करके हम प्रत्येक क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं।

बसाहटें है दूर-दूर, 4 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों को जोड़ने की रखी मांग

सीएम भूपेश ने सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा के साथ ग्रामीण विकास योजनाओं पर की विस्तृत चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। सीएम भूपेश बघेल बुधवार को उनके आवास कार्यालय में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए अगले कुछ वर्षों में 4 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कें बनाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि हमारी भौगोलिक स्थितियां बिल्कुल अलग हैं। लिहाजा उन्होंने ग्रामीण सड़कों की स्वीकृति एवं छत्तीसगढ़ को ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए अधिक से अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। सीएम भूपेश के साथ सचिव सिन्हा ने छत्तीसगढ़ में ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया।

तमिलनाडु और बिहार से बड़ा राज्य छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव सिन्हा को छत्तीसगढ़ की भौगोलिक परिस्थितियों की जानकारी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ तमिलनाडु और बिहार से बड़ा राज्य है। छत्तीसगढ़ में बसाहटें दूर-दूर स्थित हैं। इसलिए बसाहटों को सड़कों से

जोडने के लिए लगभग 4 हजार किलोमीटर सड़कों की मंजूरी दी जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत छत्तीसगढ़ को ज्यादा राशि उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार से भी जीएसटी सहित अन्य मदों में छत्तीसगढ़ को लगभग साढ़े चार हजार करोड़ रूपए की राशि मिलना शेष है।

कोरोना संकट में राजस्व में कमी की बात कही

कोरोना संकट के कारण राजस्व में कमी आई है। उन्होंने इन परिस्थितियों में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के लिए छत्तीसगढ़ को और अधिक संसाधन उपलब्ध कराने का आग्रह किया। सचिव नागेंद्र सिन्हा ने मुख्यमंत्री के साथ प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, छत्तीसगढ़ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले, भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव आशीष गोयल, छत्तीसगढ़ के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक कटियार भी उपस्थित थे।

संपादकीय

भारत में आतंकी हमले की साजिश

भारत में त्यौहारी सीजन के दौरान पाकिस्तान ने आतंकी हमले की साजिश रच कर फिर यह साबित कर दिया है कि वह कुत्ते की पूंछ है जो कभी सीधी नहीं हो सकती। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने पाकिस्तान में छिपे बैठे दाउद इब्राहिम के नेटवर्क का उपयोग करते हुए भारत के कई शहरों को दहलाने की साजिश रचि थी लेकिन भारतीय खुफिया एजेंसी की सतर्कता के चलते उसकी यह साजिश नाकाम हो गई। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलावा देश की राजधानी नई दिल्ली से छह लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है जिनके पास से अवैध हथियार भी बरामद हुए है। इन गिरफ्तार लोगों में से दो ने मस्कट के रास्ते पाकिस्तान जाकर वहां के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर में बाकायदा ट्रेनिंग भी ली है। यह पूरी साजिश दाउद इब्राहिम के भाई अनिस इब्राहिम की अगुवाई में रची गई है, वहीं इस आतंकी हमले की साजिश का मास्टर माइंड बताया जा रहा है। गौरतलब है कि 1993 में दाउद इब्राहिम ने मुंबई में सीरियल बम विस्फोट कराया था और इसके बाद वहां से भाग कर पाकिस्तान में पनाह लिए बैठा है। उसका भाई अनिस इब्राहिम भी पाकिस्तान में ही है और इन लोगों का अभी मुंबई सहित देश के कई शहरों में नेटवर्क है। जिसे तोड़ना निहायत जरूरी है क्योंकि ये लोग फिर ऐसी आतंकवादी घटना को अंजाम देने की साजिश रच सकते है। अभी भी खतरा पूरी तरह टला नहीं है। इन छह लोगों के अलावा पाकिस्तान से लगभग दर्जन भर और आतंकवादी भारत में घुसपैठ कर चुके है जो बांग्लाभाषी है। उनका भी पता लगाया जा रहा है। जब तक वे गिरफ्तार नहीं होते तब तक यह आशंका बनी रहेगी कि वे देश के किसी भी हिस्से में आतंकी घटना को अंजाम दे सकते है। इसलिए नई दिल्ली सहित देश के अन्य संवेदनशील शहरों में अतिरिक्त सुरक्षा भी बरतनी होगी ताकि उनके नापाक मंसूबे नाकाम किए जा सकें। इसके अलावा अब पाकिस्तान को भी उसी की भाषा में सबक सिखाने की सख्त जरूरत है। पाक अधिकृत कश्मीर में उसने फिर से आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर संचालित करना शुरू कर दिया है और सीमा पार बड़ी संख्या में आतंकवादी भारत में घुसपैठ करने की फिराक में बैठे हुए है। भारत को एक बार फिर पाकिस्तान के खिलाफ एक बड़ी सर्जिक स्ट्राईक कर देनी चाहिए।

विचार

हिंदी में हस्ताक्षर से क्यों न करें शुरुआत

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

हर 14 सितंबर को भारत में हिंदी-दिवस मनाया जाता है। वह एक सरकारी औपचारिकता बनकर रह जाता है। यदि भारत की विभिन्न सरकारों और जनता को सचमुच स्वभाषा का महत्व पता होता तो हिंदी की वह दुर्दशा नहीं होती, जो आज भारत में है। आज तक दुनिया का कोई भी देश यदि महाशक्तिशाली और महासंपन्न बना है तो वह स्वभाषा के माध्यम से बना है। सुरक्षा परिषद् के पांचों स्थायी सदस्य अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन अपने देश की शिक्षा, चिकित्सा, संसद, सरकार, अदालतों और अपने दैनंदिन व्यवहार में उच्चतम स्तर तक स्वभाषा का ही प्रयोग करते हैं। मैं इन सभी देशों और जापान आदि में भी रहा हूं। मैंने उनके उच्चतम स्तरों तक पर कभी किसी विदेशी भाषा का प्रयोग होते नहीं देखा है।

इसका अर्थ यह नहीं कि विदेशी भाषाओं का प्रयोग और उपयोग करना सर्वथा अनुचित है। कदापि नहीं। विदेशी भाषाओं का उपयोग अनुसंधान, कूटनीति, विदेश-व्यापार आदि के लिए हम करें और जमकर करें, यह जरुरी है लेकिन हम किसी एक विदेशी भाषा को अपनी मालकिन बना लें और अपनी भाषाओं को उसकी नौकरानी बना दें तो मानकर चलिए कि हमने अपने राष्ट्र के पांवों में बेड़ियां डाल दी हैं। वह 75 साल तो क्या, 100 साल में भी महाशक्ति और महासंपन्न नहीं बन पाएगा लेकिन यदि आज भी भारत की जनता और सरकार संकल्प कर ले कि राष्ट्र-जीवन के हर क्षेत्र में हम स्वभाषा और राष्ट्रभाषा को प्राथमिकता देंगे तो निश्चय ही भारत 21 वीं सदी को एशिया की सदी बना सकता है। हिंदी-दिवस के अवसर पर भारत के सभी विभिन्न भाषाभाषी नागरिकों को यह स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि हिंदी किसी पर थोपी नहीं जाएगी। समस्त भारतीय भाषाओं को सामान आदर प्राप्त होगा। अब हमारी संसद और सर्वोच्च न्यायालय में कई अन्य भारतीय भाषाओं का प्रयोग होने भी लगा है। हिंदी-दिवस पर भारत की जनता और सरकार, दोनों को कुछ ठोस संकल्प लेने चाहिए। भारत के सभी नागरिक यह संकल्प ले सकते हैं कि वे अपने हस्ताक्षर अपनी मातृभाषा या हिंदी में ही करेंगे। वे अंग्रेजी या किसी भी विदेशी भाषा में हस्ताक्षर नहीं करेंगे। देश के ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग अपने दस्तखत अंग्रेजी में ही करते हैं। आपके हस्ताक्षर आपकी पहचान हैं। उनका महत्व अद्वितीय है। आप अपने बैंक में खुद जाकर रूपया निकालें तो वहां आपको नहीं निकालने दिया जाएगा लेकिन आपकी जगह आपका हस्ताक्षर किया हुआ चेक जाएगा तो उसे देखकर रूपया तुरंत मिलेगा। दुनिया का कोई भी राष्ट्र आपके हिंदी हस्ताक्षर को स्वीकार करने से मना नहीं कर सकता। पिछले 50 साल में लगभग 80 देशों में जाकर मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं। मैंने किसी भी दस्तावेज पर आज तक अंग्रेजी में दस्तखत नहीं किए हैं। यदि देश के करोड़ों लोग यह संकल्प कर लें तो फिर यह स्वभाषा को चेतना उनके अन्य कामों में भी अपना असर दिखाएगी।

कोरोना के बाद अब डेंगू का डंक

तारकेश्वर मिश्र

> कोरोना संक्रमण के बीच डेंगू का तांडव हैदराबाद में देखा जा सकता है। राज्य में सबसे ज्यादा डेंगू के मामले सामने आए हैं। 594 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। शहर में सबसे ज्यादा डेंगू मच्छर सूचकांक 16 तक पहुंचा है जो 2018 के बाद से शहर में मच्छर डेंगू सूचकांक का उच्चतम स्तर है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हैदराबाद के अलावा महबूबनगर, निर्मल, निजामाबाद, रंगारेड्डी और पेद्दापल्ली में भी डेंगू के मरीज मिल रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी डेंगू बुखार का कहर दिख रहा है। यहां डेंगू से सबसे ज्यादा प्रभावित जिला इंदौर है। जिले में डेंगू तेजी से लोग डेंगू के शिकार हो रहे हैं। जिले में अभी तक 86 मरीज मिल चुके हैं, जबकि एक गर्भवती महिला की मौत हो गई है। प्रशासन जल्द ही मच्छरों को भगाने के लिए छिड़काव करने की तैयारी कर रहा है। वहीं, गुजरात में भी डेंगू लोगों को अपना शिकार बना रहा है। यहां भी बड़ी संख्या में लोग डेंगू बुखार से पीड़ित हैं।

देश में एक साथ दो जानलेवा बीमारी लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। कोरोना संकट के बीच लोग डेंगू के भी शिकार हो रहे हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेंलगाना समेत कई राज्यों में तेजी से डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती खड़ी हो गई है। हालांकि, राज्य सरकारें हालात नियंत्रण में होने के दावे कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी समझ नहीं पा रहे हैं कि हालात पर कैसे काबू पाया जाए। डाक्टरों के अनुसार डेंगू के चार तरह के स्ट्रेन होते हैं। इनमें डेन 1, डेन 2, डेन 3 और डेन 4 शामिल है। जरूरी नहीं है कि एक बार किसी को डेन 1 हुआ तो दूसरी बार डेन 2 नहीं होगा। मरीज हर बार अलग-अलग स्ट्रेन का शिकार हो सकता है। दिल्ली और आसपास के इलाके में डेन 2 के केस देखने को अधिक मिल रहे हैं, जो एक खतरनाक स्ट्रेन की श्रेणी में है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि दुनिया की करीब चालीस फीसद आबादी पर डेंगू का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल इस समय 250 करोड़ लोगो के एडीज एजिप्टी मच्छरों से होने वाले डेंगू बुखार की चपेट में आने का जोखिम है। दुनिया में हाल के दशकों में डेंगू के मामले में जिस प्रकार तेजी आई है वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए चिंता का विषय बन गया है। इस समय अफ्रीका, अमेरिका, दक्षिण पूर्वी एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र के सौ से भी अधिक देश डेंगू की चपेट में आ चुके हैं। डेंगू की कोई भी विशिष्ट विषाणुरोधी दवा उपलब्ध नहीं है। रोग के शीघ्र निदान व तत्काल रोगसूचक प्रबंधन से इस रोग से होने वाली मौतों को रोका जा सकता है।

सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, डेंगू संक्रमण दुनिया भर के 100 से अधिक देशों में होने वाली एक आम समस्या है और लगभग 3 बिलियन लोग डेंगू से प्रभावित क्षेत्रों में रहते हैं। इनमें भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य भाग, चीन, अफ्रीका, ताइवान और मैक्सिको शामिल हैं। नेशनल वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम (एनवीबीडीसीपी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 में सिर्फ भारत में डेंगू के 67,000 से भी अधिक मामले दर्ज किए गए थे। इस रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि वर्ष 2017 डेंगू के मामले में भारत के लिए सबसे खराब साल था। 2017 में लगभग 1.88 लाख डेंगू के

मामले दर्ज किए गए थे, जिसमें से 325 लोगों ने इसके कारण अपनी जान गंवा दी थी।

2003 में डेंगू की तीव्रता को देखते हुए इससे बचाव के तरीकों पर गंभीरता से विचार किया गया और इसे अधिसूचित बीमारियों की श्रेणी में रखा गया। इसके बाद मानवाधिकार आयोग ने भी जीवन रक्षा के बुनियादी हक को देखते हुए डेंगू के फैलाव को मानवाधिकारों का हनन माना, लेकिन इसके बाद भी नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। इस बार डेंगू अपने भयावह रूप में एक बार फिर हमारे सामने है और सरकार के सारे दावे एवं योजनाएं बौनी साबित हो रही हैं।

डेंगू का सबसे ज्यादा कहर उत्तर प्रदेश में दिख रहा है। यहां पर यूपी में डेंगू और वायरल बुखार से अब तक 100 से ज्यादा मरीजों की जान जा चुकी है। इसमें सबसे ज्यादा फिरोजाबाद में लोगों की मौत हुई है। यहां पर डेंगू से अभी तक 75 लोगों ने दम तोड़ दिया है। वहीं, मथुरा में 17 लोगों ने दम तोड़ दिया है, जबकि कानपुर में एक हफ्ते के भीतर 10 लोगों की मौत हो गई। पूर्वी उत्तर प्रदेश में तो संदिग्ध बुखार कहर बनकर टूट रहा है। गोरखपुर,गोंडा, बलिया, जोनपुर, मैनपुरी समेत अन्य जिलों में भी डेंगू का प्रभाव देखने को मिल रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना की रफ्तार भले ही थम गई है, लेकिन डेंगू लोगों को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। अबतक दिल्ली में डेंगू के कुल 124 मामले सामने आए हैं, इनमें से 72 मामले अकेले अगस्त में आए हैं। दक्षिणी नगर निगम की रिपोर्ट के मुताबिक 1 जनवरी से 4 सितंबर की अवधि में 2018 के बाद इस साल सबसे ज्यादा लोग डेंगू की चपेट में आए हैं। 2018 में 137 लोग डेंगू के शिकार हुए थे, जबकि इस साल का आंकड़ा देखें तो जनवरी से सितंबर में ही 124 से ज्यादा मामले सामने आ गए हैं। इस साल डेंगू के कुल मामलों के 58: मामले केवल पिछले महीने आए हैं, जो कि चिंता बढ़ाने वाली बात है। हालांकि, राहत की बात है कि दिल्ली में अभी तक डेंगू से किसी की मौत नहीं हुई है, लेकिन लगातार बढ़ रहे डेंगू के मरीज सरकार और प्रशासन के लिए चिंता का विषय है।

कोरोना संक्रमण के बीच डेंगू का तांडव हैदराबाद में देखा जा सकता है। राज्य में सबसे ज्यादा डेंगू के मामले सामने आए हैं। 594 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। शहर में सबसे ज्यादा डेंगू मच्छर सूचकांक 16 तक पहुंचा है जो 2018 के बाद से शहर में मच्छर डेंगू सूचकांक का उच्चतम स्तर है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो हैदराबाद के अलावा महबूबनगर, निर्मल, निजामाबाद, रंगारेड्डी और पेद्दापल्ली में भी डेंगू के मरीज मिल रहे हैं।

मध्यप्रदेश में भी डेंगू बुखार का कहर दिख रहा है। यहां डेंगू से सबसे ज्यादा प्रभावित जिला इंदौर है। जिले में डेंगू तेजी से लोग डेंगू के शिकार हो रहे हैं। जिले में अभी तक 86 मरीज मिल चुके हैं, जबकि एक गर्भवती महिला की मौत हो गई है। प्रशासन जल्द ही मच्छरों को भगाने के लिए छिड़काव करने की तैयारी कर रहा है। वहीं, गुजरात में भी डेंगू लोगों को अपना शिकार बना रहा है। यहां भी बड़ी संख्या में लोग डेंगू बुखार से पीड़ित हैं। अहमादाबाद में डेंगू और चिकुनगुनिया के 100 से ज्यादा मरीज निकल रहे हैं। पंजाब के पठानकोट में डेंगू के 31 मामलों की पुष्टि की गई है तो वहीं, गुरदासपुर में आठ मामले सामने आए हैं। पठानकोट में डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए सिविल अस्पताल में एक डेंगू वार्ड बना दिया गया है। वहीं, हरियाणा में भी डेंगू लोगों को अफ्ना शिकार बनाने से पीछे नहीं है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, लोगों को काफी सजग रहने की जरुरत है. उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद से लोगों के शरीर में इम्यूनिटी सिस्मट काफी कमजोर हुई है। ऐसे में अगर किसी दूसरी बीमारी का अटैक होता है तो परेशानी बढ़ सकती है। डाक्टरों की माने तो आमतौर पर डेंगू को इतना खतरनाक बीमार नहीं माना जाता है। अगर समय रहते इसका इलाज शुरू किया जाए तो बहुत ही जल्द मरीज ठीक हो जाता है। मगर पहले से मरीज किसी बीमारी का शिकार है या हाल फिलहाल में किसी बीमारी से ठीक हुआ है तो ऐसे स्थिति में मरीज के लिए डेंगू का डंक जानलेवा भी हो सकता है। जरूरत इस बात की है कि ज्यादा से ज्यादा एहतियात बरतें। विशेषज्ञों के अनुसार, रोग के शीघ्र निदान व तत्काल रोगसूचक प्रबंधन से इस रोग से होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। साथ ही मच्छर पैदा करने वाले थतों के उन्मूलन जैसे कि घरों में और उसके आस-पास पानी एकत्र न होने देना, कूड़ा करकट हटाना, जलपात्रों को ढककर रखना तथा कूलर सप्ताह में एक बार साफकिया जाना आदि के माध्यम से भी इस बीमारी पर अंकुश लगाया जा सकता है।

शिल्पशास्त्र के आविष्कारक विश्वकर्मा

रमेश सर्राफ

> विश्वकर्मा के यथाविधि पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता। मान्यता है कि ऐसे भवनों में रहने वाला सुखी और सम्पन्न रहता है और ऐसी दुकानों में कारोबार फलता-फूलता है। इसी कारण बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक और दिल्ली आदि क्षेत्रों में प्रतिवर्ष भगवान विश्वकर्मा की जयन्ती पर धूमधाम से इनकी पूजा-अर्चना की जाती है। इस मौके पर विश्वकर्मा समाज के लोग इनकी शोभायात्रा भी निकालते हैं।

विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है।

विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं। वज्र का निर्माण भी उन्होने ही किया था।

पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर

भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था। माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था। इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा को कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया। इस महल के पूजन के दौरान भगवान शिव ने राजा रावण को आंमत्रित किया। रावण महल को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया और जब भगवान शिव ने उससे दक्षिणा में कुछ देने को कहा तथा उसने महल ही मांग लिया। भगवान शिव ने उसे महल दे दिया और वापस पर्वतों पर चले गए।

विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। इनकी गणना सर्वाधिक महत्वपूर्ण देवों में होती है। मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है।

इसी प्रकार विश्व कर्मा की एक कहानी और है कि महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। इस तरह स्कंद पुराण में उन्हें देवयानों का सृष्टा कहा गया है। स्कंद पुराण में ही एक अन्य स्थल पर उल्लेख है कि वे शिल्प शास्त्र के इतने बड़े मर्मज्ञ थे कि जल पर चल सकने योग्य खड़ाऊ बनाने की सामर्थ्य रखते थे। माना जाता है कि प्राचीन काल में जितने भी सुप्रसिद्ध नगर थे उनके वास्तु शिल्प का सृजन भी विश्वकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था। विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

माँ...एक अनमोल

माँ...एक अनमोल डायरी जो लोप हो गई अनन्त में माँ ने कहा था मुझे डायरी समझ अपने हर सुख दुख साझा किया करो, मन हल्का होगा! मैं अब भी दर्ज़ करती हूँ पर कोई पन्ना फड़फड़ाता नहीं अब! मन भी भारी हुआ जाता है हर शब्द के साथ! शायद अब शब्द अंकित नहीं होते हाथ से निकल मन पर जमते हैं! डायरियाँ भर भी जाती हैं, ये भूल गयी थी मैं! - **शिवानी जयपुर**

मुझे माफकर ये

मुझे माफ कर ये जिन्दगी जीने का मुझे सलिका न आया चेहरे पे चेहरा लगाना न आया किसी के दर्द पे मुस्कुराना न आया बड़ी सीधे से गुजरी ये जिन्दगी पक्षी के जैसा उड़ना न आया मौसम सा बदलना न आया बस बेवजह खुश रहना न आया आइने सी है मेरी जिन्दगी तस्वीर का रंग बदलना न आया झुठ को सच बनाना न आया सच कहूँ मुझको जीना न आया। - **प्रीती श्रीवास्तव**

खास पाती

मैं तो गणपति देव मनाऊं

मैं तो गणपति देव मनाऊं। मैं तो गणपति देव मनाऊं।। भाव पुष्प की गूंथ मालिका, गणपति को पहनाऊँ ।। सात सुरों से सजी गीतिका, में गणपति गुन गाऊँ ।। एक दंत के भाल तिलक कर ,मन ही मन हरषाऊँ।। प्रेम प्रीत से मोदक प्रिय को,नित उठ भोग लगाऊँ ।। विघ्न-विनाशक को मैं अपने मन के बीच बसाऊँ।। गौरा के ललना का पलना , झोंटा देय झुलाऊँ।। विद्या बुद्धि विवेक के दाता,चरणन शीश झुकाऊँ।। हरलो सब अज्ञान तिमिर को , नित उठ टेर लगाऊँ।। पार्वती सुत की महिमा से , तीन लोक गुंजाऊँ ।। नृत्य करूं सम्मुख गणपति के ,हरख हरख जस गाऊँ। - **चंद्रलता यादव**

हर करवट की शै पे तुम

हर करवट की शै पे तुम आयी तमाम रात बस तुम ही तुम मुझे याद आयी तमाम रात हालांकी मालूम थी मुझे तेरी मजबूरियाँ मगर फिर भी तेरे बगैर नींद ना आयी तमाम रात आह सी उठती रही सांसों में भभके की तरह आँखें छलक कर भर सी आयी तमाम रात दीवानगी ने मुझको इतना कर दिया रुसवा कि दर पे विरानी भी उतर आयी तमाम रात अब तो मिट जाय यह दूरियां हमारे दरमियां चाँद की चाँदनी भी चली आयी तमाम रात। -**ललित उपाध्याय**

बात दिल की करें लाज़मी तो

बात दिल की करें लाज़मी तो नहीं खामखा दिल्लगी जिंदगी तो नहीं जिस्म तारों सा हो चेहरा हो चाँद सा दिलरुबा कोई ऐसी मिली तो नहीं लफ्ज़ सहमे हुए थरथराये से लब बात कोई छुपा के रखी तो नहीं छूट जायेगी मुझ से मेरी जाँ भी तू ये तलब है मेरी दिल्लगी तो नहीं ज़ख्म काग़ज़ पे मैंने उकेरे हुए दास्ताँ है मेरी शाइरी तो नहीं। - **आचार्य दिनेश भोपाली**

ये कभी मत भूलना

ये कभी मत भूलना कि आपके लड़खड़ाते बचपन को दो लोगों ने बड़े जतन से थाम कर जवान किया है। अपने माँ-बाप के बुढ़ापे में उनकी लाठी बनिये, मातृ-पितृ ऋण से मुक्त हुए बिना आप तड़पेंगे। इस सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। - **सचिन चौधरी**

मिले ज़िंदगी ऐसी कुछ मिले

मिले ज़िंदगी ऐसी कुछ, मिले जाए पुर-सुकूं हर-सू बिखरी सी महक, एक चाय का हो कप, क़लम हाथ में, क़रीब ओस के क़तरे, और रूह में तुम! - **मधु शर्मा कटीहा**

कि हम खामोश सही लेकिन

कि हम खामोश सही लेकिन बेखबर नही बात बहुत सी है साथ.. रोज कहते नहीं.. आदत नही बनना किसी की लेकिन तुम्हे भूलते भी नही दुआओं में शामिल है हम हर रोज इसलिए भी... तुम से हम मिलते नही ... कि समय है सच का दरिया बहते है रोज एहसासों में ज़िंदगी को कहते नही। -**नंदिता तनूजा**

थक गए हम यहाँ रोशनी लेकर खो

थक गए हम यहाँ रोशनी लेकर खो गए तुम कहां तीरगी लेकर दिल बना है मेरा तितलियों ख़ातिर प्यार करना मुझे दिल्लगी लेकर पास आकर समंदर ने पूछा खुद हम तो ख़ामुश रहे तश्नगी लेकर ज़ख़्म दिल के हरे के हरे अब भी फिर कुरेदो ज़रा तुम खुशी लेकर ख़त्म होने लगी है सदाक़त अब लोग मुश्किल में हैं बेबसी लेकर चाह बढ़ने लगी चाँद पाने की जब किया कुछ नहीं चाँदनी लेकर ज़िन्दगी रोज़ भटकी है सहरा में क्या करें हम ये झूटी हँसी लेकर आज दुनिया ये डूबी है फैशन में क्यूँ हैं 'ऐनुल' पड़े सादगी लेकर।

- **'ऐनुल' बरौलवी**

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम 'गौ रक्षा पुरस्कार' वर्ष 2002 में किसे प्रदान किया गया?
2) 'सेन्चुरी मिल्स ऑफबिड़ला' किस जिले में है?
3) छत्तीसगढ़ राज्य को धान का कटोरा कहा जाता है। यहाँ धान की उत्पादकता औसत प्रति हेक्टर कितने क्विंटल है?
4) छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा व निराश्रितों को दी जाने वाली पेंशन राशि का आधी हिस्सा किस रूप से दिये जाने का निर्णय लिया गया है?
5) मुण्डा जनजाति का युवा गृह क्या कहलाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गजरूराम साहू (2) रायपुर (3) 14 क्विंटल (4) इंदिरा सूचना शक्ति योजना (5) गतिओरा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1725- ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस और प्रशिया के बीच हनोवर की संधि हुई। 1821- मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली। 1848- फ्रांस ने अपने सभी उपनिवेशों में दास प्रथा समाप्त की। 1892- पहली महिला ने येल विश्वविद्यालय में ग्रेजुएट करने के लिए एडमिशन लिया। 1906- नार्वे के रोएल्ड एमंडसन ने चुंबकीय दक्षिणी ध्रुव की खोज की। 1908- विलियम क्रेपो बिली ने वाहन निर्माता कंपनी जनरल मोटर्स की स्थापना की। 1916- देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित शास्त्रीय गायिका एवं अभिनेत्री एम.एस. सुब्बालक्ष्मी का जन्म हुआ। 1947- जापान की राजधानी टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गयी। 1956- ऑस्ट्रेलिया में टेलीविजन प्रसारण शुरू हुआ। 1963- मलाया, सिंगापुर, उत्तर बोर्नियो (वर्तमान सबा), और सरवाक का मलेशिया में विलय हो गया। 1967- सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख में परमाणु परीक्षण किया। 1975- पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की। 1978- ईरान के तबार में आए 7.7 तीव्रता के भूकंप में 25 हजार लोगों की मौत हो गयी। 1978- जनरल मुहम्मद ज़िया-उल-हक पाकिस्तान के राष्ट्रपति बने। 1986- दक्षिण अफ्रीका की एक सोने की खदान में फंस जाने से 177 लोग मारे गए। 2011- नासा के वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ग्रह की खोज की घोषणा की जो एक की बजाय दो तारों की परिक्रमा करता है।

कैमरा देख पोज देने लगे तैमूर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर और उनके पति सैफअली खान इन दिनों अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर बिजी हैं, वहीं इस बीच दोनों अपने परिवार के साथ भी क्वालिटी टाइम स्पेंड करते दिखाई दे जाते हैं। हाल ही में दोनों को पूरे परिवार के साथ एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान करीना की गोद में जहांगीर नजर आए और तैमूर एयरपोर्ट पर मस्ती के मूड में दिखाई दिए। इस बीच जेह की क्यूटनेस सिर्फ पैपराजी को ही नहीं बल्कि चेकिंग कर रहे अफसरों को भी इंप्रेस कर गई। करीना कपूर, सैफअली खान अपने दोनों बेटों और नैनी के साथ एयरपोर्ट पर नजर आए। इस दौरान करीना ने ब्लू शर्ट और ग्रे ट्राउजर्स पहना हुआ था, सैफ ब्लैक टी-शर्ट और व्हाइट ट्राउजर्स में नजर आए। सभी ने एक साथ पैपराजी को पोज भी दिया, इसके अलावा जेह को उनकी नैनी हाथ में लिए दिखाई दीं। सभी ने अपने चेहरे को मास्क से ढ़का हुआ था। जहां एक तरफ तैमूर कैमरे को देखकर एयरपोर्ट पर दौड़ लगाते दिखे वहीं दूसरी तरफ जेह की क्यूटनेस ने सभी का दिल जीत लिया।

अजय देवगन ने रीक्रिएट किया 'फूल और कांटे' वाला स्टंट

मुंबई, 15 सितंबर (वार्ता) बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'फूल और कांटे' का आईकॉनिक स्टंट शेयर किया है।

अजय देवगन ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो क्लिप शेयर किया है, जिसमें वह अपने आइकॉनिक स्टंट को परफॉर्म करते दिख रहे हैं। वर्ष 1991 में प्रदर्शित फूल और कांटे में अजय ने स्टंट बाइक पर किया था, जबकि 30 साल बाद वह उसी स्टंट को ट्रक पर करते नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ वीडियो शेयर करते हुए अजय ने कैप्शन दिया, 'इसने मुझे उस स्प्लिट की याद दिला दी जो मैंने 30 साल पहले किया था! आपके लिए लेकर आए हैं, एंटरटेनमेंट और वैल्यू की डबल गारंटी! ज्यादा जानकारी के लिए जुड़े रहें।'

माता सीता का किरदार निभायेगी कंगना रनौत

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत सिल्वर स्क्रीन पर माता सीता का किरदार निभाती नजर आयेंगी। कंगना रनौत अब जल्द ही सिल्वर स्क्रीन पर माता सीता का किरदार निभाती नजर आयेंगी। इस बात की जानकारी कंगना ने सोशल मीडिया के जरिए दी है।

कंगना रनोट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने बताया कि वह अलौकिक देसाई के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'सीता' में मुख्य किरदार निभाने वाली है। कंगना ने अपने पोस्ट में लिखा, ÷द इनकेरनेशन- सीता, मैं बहुत खुश हूं इस फिल्म में टाइटल रोल निभाने के लिए इस टैलेंटेड आर्टिस्ट की टीम के साथ। सीता राम के आशीर्वाद से। जय सियाराम'।

बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक मायथोलॉजिकल ड्रामा फिल्म होगी, जिसका निर्देशन अलौकिक देसाई करने जा रहे हैं। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ भाषा में भी रिलीज की जाएगी।

नुसरत भरूचा की हॉरर फिल्म 'छोरी' का पहला मोशन पोस्टर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा की आने वाली हॉरर फिल्म 'छोरी' का पहला मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है।

नुसरत भरूचा ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'छोरी' से अपना फर्स्ट लुक मोशन पोस्टर फैंस के साथ शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ÷डर का एक नया चेहरा हमें डराने आ रहा है। 'छोरी' नवंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।÷ यह फिल्म मराठी फिल्म 'लापाछापी' का हिंदी रीमेक है।

फिल्म में नुसरत भरूचा के साथ मीता वशिष्ठ, राजेश जायस, सौरभ गोयल और यानिया भारद्वाज जैसे कलाकार भी नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है। भूषण कुमार, कृष्णन कुमार, विक्रम मल्होत्रा, जैक डेविस और शिखा शर्मा इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं।

18 सितंबर को खेसारी-काजल की फिल्म 'कुली न. 1' का होगा वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव और काजल राघवानी की जोड़ी वाली फिल्म 'कुली न. 1' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 18 सितंबर को फिल्मची भोजपुरी टीवी पर होगा। फिल्म 'कुली नं. 1' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 18 सितंबर को फिल्मची भोजपुरी टीवी पर संध्या 06:30 बजे होगा। दर्शकों के मनोरंजन के साथ साथ फिल्मची भोजपुरी चैनल पर इस फ़िल्म के दौरान एक सवाल भी पूछा जाएगा जिसका जवाब देकर 10 भाग्यशाली विजेता, खेसारी लाल यादव की आने वाली फ़िल्म 'बाप जी' का प्रीमियर, फ़िल्म के सितारों के साथ देख सकेंगे, जिसका आयोजन पटना में किया जाएगा। फिल्म ÷कूली न.1÷ का निर्माण सुरेंद्र प्रसाद ने किया है और लालबाबू पंडित ने इसे निर्देशित किया है। इस फ़िल्म को लेकर फिल्मची भोजपुरी के तरुण तलरेजा ने कहा कि यह फिल्म सामाजिक मुद्दो पर आधारित है, इसमें दिखाया गया है कि आज बच्चे अनाथ नहीं होते, बल्कि मांक्ष्बाप अनाथ हो रहे हैं। इसी मर्म को लेकर फिल्म कुली नंबर 1 का निर्माण किया गया है, जिसे अब आप सभी अपने घरों में टीवी पर देख सकते हैं। यह फ़िल्म भोजपुरी के लिए बागवान की तरह है, इसलिए इसे जरूर देखिए। गौरतलब है कि फ़िल्म 'कुली न. 1' में खेसारी लाल यादव और काजल राघवानी के अलावा पूजा गांगुली, संजय पांडेय, देव सिंह, अनूप अरोड़ा, किरण यादव, महेश आचार्या,सीपी भट्ट, बलराम पांडेय आदि है।

मडोना की बेटी का बोल्ड लुक वायरल

मुंबई। 2021 में सिलेब्रिटीज के लुक्स चर्चा में हैं। इस बीच मडोना की बेटी लॉर्डेस लिओन ने ब्यूटी के सारे नकली नॉर्म्स को तोड़ते हुए एक पॉजिटिव मेसेज दिया। लॉर्डेस रेड कार्पेट पर अनशेवेन अंडरआर्म्स के साथ पहुंचीं। उन्होंने बिना किसी झिझक के हाथ उठाकर पोज भी दिए। अपने मेट गाला डेब्यू के दौरान लॉर्डेस काफी खूबसूरत दिख रही थीं। उन्होंने पिंक गाउन के साथ अपने लंबे बाल खोल रखे थे। लॉर्डेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। जानीमानी सिंगर मडोना की बेटी लॉर्डेस लॉरिन ने पहली बार मेट गाला 2021 में शिरकत की और वह सुर्खियों में हैं। मेट गाला के रेड कार्पेट पर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लोग आइकॉनिक आउटफिट्स में दिखाई देते हैं। इस बार किम कार्दिशनय सहित कई सिलेब्स के लुक्स वायरल हुए। वहीं मडोना की बेटी की तस्वीरें हर जगह चर्चा में हैं। 24 साल की लॉर्डेस मेट गाला में पहली बार पहुंची थीं। अमेरिका थीम पर उन्होंने हॉट पिंक ड्रेस पहनी थी। लॉर्डेस गजब की खूबसूरत दिख रही थीं वहीं तस्वीरें देते वक्त उन्होंने अपने बॉडी हेयर दिखाने में जरा भी झिझक नहीं दिखाई। उनका ये लुक महिलाओं पर जबरदस्ती थोपे गए ब्यूटी नॉर्म्स के खिलाफ एक मेसेज था। लॉर्डेस को लोला नाम से भी जाना जाता है।

न्यूज गैलरी

दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 3-0 से किया क्लीन स्वीप

कोलंबो (वार्ता)। सलामी बल्लेबाजों क्विंटन डी कॉक (59) और रीजा हेंड्रिक्स (56) के शानदार नाबाद अर्धशतकों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने यहां मंगलवार को श्रीलंका को तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में 10 विकेट से हरा कर उसे 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया।

मेजबान श्रीलंका टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट गंवा कर महज 120 रन ही बना सका। जवाब में मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका ने सलामी बल्लेबाजों डी कॉक और हेंड्रिक्स की पहले विकेट के लिए 121 रन की रिकॉर्ड साझेदारी की बदौलत 14.4 ओवर में ही बिना कोई विकेट गंवाए मैच जीत लिया। डी कॉक ने जहां सात चौकों की मदद से 46 गेंदों पर नाबाद 59, वहीं हेड्रिक्स ने पांच चौकों और एक छक्के के सहारे 42 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाए।

जे एन्ड के ओपन 15 सितम्बर से श्रीनगर में

श्रीनगर (वार्ता)। जे एन्ड के ओपन गोल्फ टूर्नामेंट का आयोजन 15 से 18 सितम्बर तक रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फकोर्स पर किया जाएगा जिसमें 40 लाख रुपये की पुरस्कार राशि होगी और इस टूर्नामेंट में देश के शीर्ष गोल्फर शिरकत करेंगे। प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ़इंडिया (पीजीटीआई) जे एन्ड के पर्यटन के सहयोग से इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है। प्रो एम् 19 सितम्बर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 125 गोल्फर अपनी चुनौती पेश करेंगे जिसमें 118 प्रोफेशनल और सात अमेच्योर शामिल होंगे।

बजरंग पुनिया ने भारत को गौरवान्वित किया: केजरीवाल

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल कर बजरंग पुनिया ने भारत को गौरवान्वित किया है तथा उनका प्रदर्शन देश के खिलाड़ियों को प्रेरणा देगा और अधिक से अधिक मेडल लाने के लिए उन्हें प्रेरित करेगा। बजरंग ने आज अपने कोच सतपाल सिंह के साथ श्री केजरीवाल से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कांस्य पदक जीतने के लिए उन्हें बधाई दी और भविष्य में देश के लिए ढेर सारे मेडल लाने की शुभकामनाएं दी।

टेक्नो ने लॉन्च किया स्पार्क 8, कीमत 7,999 रुपये

नव प्रदेश संवाददाता

नई दिल्ली। ग्लोबल प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रैंड टेक्नो ने आज एक और फ्यूचर-रेडी स्मार्टफोन ब्रांड स्पार्क 8 के लॉन्च की घोषणा की। इसमें इसकी स्पार्क सीरीज की सेगमेंट-अग्रणी खूबियां मौजूद हैं। स्पार्क सीरीज की सफलता के बाद, टेक्नो ने 6000-10,000 रुपये के सेग्मेंट में भारत के पांच टॉप स्मार्टफोन कंपनियों में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इसके साथ ही कंपनी लगातार नए-नए प्रॉडक्ट्स को लॉन्च कर अपने पोर्टफोलियो को और सुदृढ़ कर रही है। ऑल न्यू स्पार्क 8 कई आकर्षक फीचर्स से लैस है। जैसे कि 64 जीबी की मेमोरी से उपभोक्ताओं को अपने कीमती फोटो और विडियो हमेशा अपने पास रखने की इजाजत मिलेगी। 16 एमपी का एआई ड्यूल हाई रिजोल्यूशन कैमरा हाई क्वॉलिटी की यादगार फोटो खींचने में मदद करेगा। स्मार्टफोन पावरफुल 5,000 एमएएच की बैटरी के साथ आता है, जिससे बैटरी शानदार परफॉर्मेंस देती है। यह सब ऑल न्यू मेटल कोडिंग डिजाइन में पैक होकर आता है। इसका दाम 7,999 रुपये रखा गया है।

टेक्नो का लेटेस्ट स्पार्क 8 उन समझदार युवकों के लिए डिजाइन किया गया है, जिनके लिए उनका स्मार्टफोन उनकी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्राइमरी गैजेट बन चुका है। स्पार्क सीरीज अपनी श्रेणी में सर्वोत्तम डिजाइन, डिस्प्ले और कैमरे के साथ अफोर्डेबल सेग्मेंट में संपूर्ण बेहतरीन अनुभव कराने के लिए मशहूर है। ब्रांड के नैतिक मूल्यों के अनुरूप, स्पार्क 8 अपनी कैटिगरी को फिर से नई परिभाषा देने वाले फीचर्स से लैस है। इसमें सेगमेंट-अग्रणी 6.52÷ इंच का एचडी+डॉट नॉच डिस्प्ले, स्मूद परिचालन के लिए 120 हटर्ज का टच रेस्पांस रेट दिया गया है। सेल्फी प्रेमियों के लिए स्मार्टफोन 8 एमपी फ्रंट कैमरा ड्यूल फ्लैश के साथ आता है, जिससे चमकदार और क्लियर सेल्फी आती है। इससे बहुत ही कम रोशनी मे विडियो कॉल की जा सकती है। यह स्मार्टफोन पतली बॉडी के फ्रेम में सरफेस बैटरी कवर डिजाइन के रूप में आता है। रियल फ्रेम कैमरा एफ्फ्री सेंसर के लिए एकीकृत है, जिससे स्मार्टफोन यूजर्स को अनोखा अहसास होगा।

वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने पैरा एथलीटों को किया सम्मानित

जम्मू (वार्ता)। श्री माता वैष्णो देवी (एसएमवीडी) श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रमेश कुमार ने यहां मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के कटरा में एसएमवीडी खेल परिसर में टोक्यो पैरालंपिक 2021 में भाग लेने वाले दो भारतीय पैरा तीरंदाजों राकेश कुमार और ज्योति बलियान को सम्मानित किया।

दरअसल दोनों तीरंदाज श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड खेल परिसर के प्रशिक्षु हैं। राकेश ने जहां टोक्यो पैरालंपिक के क्वार्टर फाइनल कंपाउंड तीरंदाजी राउंड में तगड़े चीनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मुश्किल मुकाबले में अच्छी प्रतिस्पर्धा दिखाई थी, वहीं ज्योति महिला व्यक्तिगत ओपन रैंकिंग में 15वें स्थान पर रहीं थी। दोनों ने मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी, लेकिन तुर्की के खिलाड़ियों के साथ एक तगड़े मैच में कड़ी टक्कर के बाद वे हार गए थे। सीईओ ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि श्राइन बोर्ड के खेलों के प्रति दिए गए समर्थन की सराहना की जा रही है और यह गर्व की बात है कि एसएमवीडी खेल परिसर में पले-बढ़े खिलाड़ी जम्मू-कश्मीर को दुनिया के नक्शे पर ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसएमवीडीएसबी तीरंदाजी अकादमी को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा खेलो इंडिया के तहत मान्यता प्राप्त है। इस मौके पर उन्होंने राइफल और पिस्टल के लिए दो इलेक्ट्रॉनिक शूटिंग रेंज का भी उद्घाटन किया।

दो नई आईपीएल टीमों के लिए 17 अक्टूबर को हो सकती है नीलामी

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से आईपीएल 2022 सीजन के लिए दो नई टीमों की नीलामी आगामी 17 अक्टूबर को की जा सकती है।

नीलामी की संभावित तारीख दुबई में आईपीएल फाइनल के ठीक दो दिन होने के मद्देनजर टीमों की बोली दुबई या मस्कट में हो सकती है। समझा जाता है कि बीसीसीआई ने बोली लगाने वाली संभावित पार्टियों को नीलामी की अंतिम तिथि और स्थान के बारे में जल्द सूचित किए जाने की जानकारी दी है। यह भी सामने आया है कि बीसीसीआई ने बोली लगाने वाली पार्टियों को तीन प्रमुख तारीखों 21 सितंबर, पांच अक्टूबर और 17 अक्टूबर को लेकर सूचित किया है। 21 सितंबर तक स्पष्टीकरण मांगा जा सकता है, जबकि आईटीटी (निविदा का निमंत्रण) दस्तावेज पांच अक्टूबर तक खरीद के लिए उपलब्ध होगा और 17 अक्टूबर को नीलामी होने की संभावना है। यह पुष्टि की गई है कि कोई ई-नीलामी नहीं होगी और बंद बोली प्रक्रिया की सदियों पुरानी प्रथा का पालन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्रत्येक आईपीएल टीम के लिए लीग मैचों की संख्या 14 होती है, जो नई दो टीमों के बाद 18 हो सकती है।

प्रोडिजी फाइनेंस ने की 75 करोड़ डॉलर की फंडिंग हासिल

नई दिल्ली (वार्ता)। पोस्टग्रेजुएट इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को सीमा पार लोन देने वाली फिनटेक कंपनी प्रोडिजी फाइनेंस ने सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स से एक बड़ी फंडिंग डील की है। इसके तहत वह अपने पूर्ण-स्वामित्व वाली सहायक कंपनी सीपीपीआईबी क्रेडिट इन्वेस्टमेंट्स इंक के माध्यम से योग्य छात्रों को 50 करोड़ डॉलर तक की फंडिंग करेगी। यह डील प्रोडिजी फाइनेंस को इंटरनेशनल स्टूडेंट लोन की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम बनाएगी, जो इस तथ्य में दिखती है कि कंपनी के पास आने वाले आवेदनों में साल-दर-साल 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है।

प्रोडिजी फाइनेंस ने पिछले साल अमेरिका के डेवलपमेंट बैंक, यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन से 25 करोड़ डॉलर हासिल किए थे।

एचडीएफसी बैंक-GNIDA-UNDP ने ग्रेटर नोएडा में अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार लाने के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किये

ग्रेटर नोएडा। एचडीएफसी बैंक ने UNDP इंडिया के साथ भागीदारी में ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट अथॉरिटी (GNIDA) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्?ताक्षर किये हैं। इस एमओयू के तहत शहर में एक स्वच्छता केन्द्र (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) की स्थापना की जाएगी। इस सुविधा से ग्रेटर नोएडा के लोगों को फायदा होगा। बैंक ने अपने फ्लैगशिप सीएसआर प्रोग्राम 'परिवर्तन' के अंतर्गत इस प्रोजेक्ट को स्पॉन्सर करने के लिये लगभग 3 करोड़ रूपये का आवंटन किया है।

बैंक लो-कार्बन इकोनॉमी की ओर बढ़ने के लिए सरकार के सभी मिशन और पहलों से जुड़ा हुआ है। बैंक ने अपनी ईएसजी रणनीति के अंतर्गत पर्यावरण की सुरक्षा को एक बड़ा फोकस एरिया माना है। इसने अपने उत्सर्जन, ऊर्जा और पानी की खपत को कम करते हुए वर्ष 2031-32 तक कार्बन न्यूट्रल बनने का लक्ष्य तय किया है। बैंक उन प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित करता है और उनमें निवेश करता है, जो कार्बन फुटप्रिंट कम करते हैं। बैंक जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय जोखिमों का सामना करने में समुदायों को सहयोग भी देता है ताकि वे अपनी लोचशीलता को बढ़ा सकें।

यह नई सुविधा स्थायित्व को बढ़ावा देने के लिये ग्रेटर नोएडा और UNDP के लोगों तथा प्रशासन के साथ काम करने की दिशा में एक कदम है। ग्रेटर नोएडा अभी हर दिन लगभग 300 से 350 मेट्रिक टन कचरा पैदा करता है। स्वच्छता केन्द्र सूखा कचरा एकत्र कर उसे अलग-अलग करते हैं और रिसाइकलर्स के पास भेजने से पहले उसे रिकवर किया जाता है, इससे संसाधन क्षमता निर्मित होती है और चक्रीय अर्थव्यवस्था को सहयोग मिलता है।

बिजनेस

फ्लिपकार्ट ने देशभर में 36 नए बड़े फुलिफलमेंट एवं सोर्टेशन सेंटर स्थापित किए

फ्लिपकार्ट ने की अपनी सप्लाई चेन को मजबूत बनाने की तैयारी

नई दिल्ली। भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने त्योहारी सीज़न के दौरान लाखों उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों के मद्देनज़र देशभर में अपनी सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के साथ-साथ इसमें विस्तार किया है। फ्लिपकार्ट के इस कदम से ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले ग्राहकों के साथ-साथ लाखों एमएसएमई विक्रेताओं कारीगरों एवं किराना स्टोर्स को बाजारों तक अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी इस मकसद से, फ्लिपकार्ट ने देशभर में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, महाराष्ट्र ओडिशा, पंजाब, राजस्थीन, तमिलनाडु, तेलंगाना तथा पश्चिम बंगाल में 36 नए बड़े फुलिफलमेंट एवं

सोर्टेशन सेंटर स्थापित किए हैं। इसके अलावा, फ्लिपकार्ट ने देशभर में 1,000 से अधिक नए डिलीवरी हब्स् स्थापित कर अपनी लास्ट-माइल पहुंच को भी मजबूती दी है। आगामी बिग बिलियन डेज़ के दौरान बड़े पैमाने पर होने वाली बिक्री और मांग के मद्देनज़र क्षमता बढ़ाने के अलावा स्टोरज, सोर्टिंग, पैकेजिंग, मानव संसाधन, प्रशिक्षण तथा डिलीवरी जैसे क्षेत्रों पर निवेश करना जरूरी है जो त्योहारी सीज़न के दौरान, रोज़गार के अतिरिक्त अवसरों को भी पैदा करेगा। फ्लिपकार्ट ने अपने 'लास्ट माइल डिलीवरी पार्टनरशिप' के तहत् किराना स्टोर्स के साथ अपनी भागीदारी को भी मजबूत बनाया है और साथ ही उन्हें टैक्नोलॉजी आधारित डिजिटल इकोसिस्टाम का हिस्सा बनाया है इस साल फ्लिपकार्ट ने 1,15,000 से अधिक लोगों के लिए त्योहारी सीज़न की मांग के चलते रोज़गार के नए अस्थायी अवसर भी जुटाए हैं जिनमें से 15: महिलाओं और निःशक्त जनों के लिए हैं।

देश में सर्वसमाहित आर्थिक विकास में ई-कॉमर्स की भूमिका के बारे में कल्यांण कृष्णमूर्ति, मुख्य कार्यकारी अधिकारी फ्लिपकार्ट ग्रुप ने कहा ई-कॉमर्स ने बहुत लोगों को समर्थ बनाया है और साथ ही यह विक्रेताओं तथा उपभोक्ताओं के लिए मूल्य एवं पहुंच का लाभ जुटाने वाला साबित हुआ है। इसके सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर तथा टैक्नोलॉजी आधारित डिजिटल इकोसिस्टम ने रोज़गार के लाखों नए अवसरों के जरिए ढेरों संभावनाएं पैदा की हैं और पारंपरिक वेयरहाउसिंग के स्थान पर अधिक भरोसेमंद और टैक्नोलॉजी से लैस भंडारण सुविधाएं जुटायी हैं और इस पूरी प्रक्रिया में स्थानीय विक्रेताओं एमएसएमई, किराना स्टोर्स, किसानों एवं कम सुविधाप्राप्त समुदायों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजारों से जोड़ा है फ्लिपकार्ट आज भारत में अनेक नई संभावनाओं को पैदा करने के लिहाज से महत्वपूर्ण मोड़ पर है।

पुराने वाहनों में विटारा ब्रीजा और बजाज पल्सर सबसे लोकप्रिय

नई दिल्ली (वार्ता)। महामारी की वजह से पर्सनल मोबिलिटी परिवहन के प्रति बढ़ते रूझान की वजह से पुराने वाहनों की मांग में भी तेजी आने लगी है और लोगों के बीच कारों में मारूति की विटारा ब्रीजा और मोटरसाइकिल में बजाज पल्सर सबसे लोकप्रिय वाहन है।

ऑनलाइन ऑटोमोबाइल मार्केट प्लेटफॉर्म ड्रूम ने 2021 की पहली छमाही के लिए अपना सेल्स ट्रेंड का डेटा जारी किया है जिसके आधार पर यह दावा किया गया है । महामारी की वजह से पर्सनल मोबिलिटी परिवहन का पसंदीदा तरीका हो गया है, इस वजह से ड्रूम ने पुराने चार पहिया वाहनों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है और दोपहिया वाहनों के बिक्री के आंकड़े में भी दिलचस्प रुझान देखे हैं। कैलेंडर वर्ष 2021 की पहली छमाही के ट्रेंड ने पुराने चार-पहिया वाहनों की श्रेणी में मांग में उछाल देखा गया है। मारुति सुजुकी विटारा ब्रीज़ा, बलेनो, होंडा सिटी और हुंडई वरणा जैसी कारें पुराने कारों के सेग्मेंट में सबसे लोकप्रिय वाहन बनकर उभरे हैं। पुराने दुपहिया वाहनों में बजाज पल्सर की लोकप्रियता कायम है। इसके बाद होंडा एक्टिवा 3जी और टीवीएस अपाचे आरटीआर का स्थान आता है। कावासाकी निंजा और मर्सिडीज-बेंज ई क्लास लग्जरी वाहन सेग्मेंट में क्रमशः सबसे लोकप्रिय लक्जरी बाइक और कार साबित हुई है।

जिले के चारों ब्लॉकों में किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा ने दिया धरना

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा के आव्हान पर पूरे प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर भाजपा ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। बीजेपी नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश सदैव किसानों के हित के लिए काम करती है। भाजपा किसान मोर्चा का उद्देश्य ÷समृद्ध राष्ट्र, खुशहाल किसान÷ बनाना है। विगत ढाई वर्षों से राज्य सरकार के अकर्मण्यता के कारण प्रदेश के किसानों को बिजली से लेकर खाद-बीज तक की व धान खरीदी के समय बारदाना के विकट परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। बिजली वाले राज्य छत्तीसगढ़ में लगातार अघोषित बिजली कटौती चल रही है और राज्य सरकार ने अब तो बिजली की दर में भी बढ़ोतरी कर दी है। यह बढ़ोतरी दुःखद और चिंताजनक है। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु देव साय एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल भारतीय जनता पार्टी के आवाहन पर एवं जिला भाजपा अनिल ठाकुर के निर्देशन पर व किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर के निर्देशन पर चारो ब्लाक मुख्यालयों में किसानो के हित में एक दिवसी धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन के बाद एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मोतीराम चंद्रवंशी पूर्व विधायक पंडरिया, क्रांति गुप्ता जिला महामंत्री, अजीत चन्द्रवंशी जिला कोषाध्यक्ष, गजपाल साहू मंडल अध्यक्ष, बोडला विकासखण्ड में रघुराज सिंह ठाकुर पूर्व अध्यक्ष सहकारी शक्कर कारखाना राम्हेपुर, राजेन्द्र चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष शिवनाथ वर्मा, जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, विदेशीराम धुर्वे, ओमप्रकाश वर्मा, कवर्धा शहर में प्रभारी के रूप में रामकुमार भट्ट पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा, सह प्रभारी विरेन्द्र साहू जिला महामंत्री भाजपा, सह प्रभारी नितेश अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष भाजपा, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष, जिला भाजपा उपाध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मधु तिवारी एवं सभी महिला मोर्चा की सदस्य उपस्थित थीं। लोहारा विकासखण्ड में डॉ. सियाराम साहू पूर्व अध्यक्ष पिछडा वर्ग आयोग, जसविन्दर बग्गा जिला उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष भाजपा संतोष पटेल, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य गोपाल साहू, जिला मंत्री ओम् यदु, संतोष मिश्रा मंडल अध्यक्ष, परमेश्वर चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष, मुकेश ठाकुर मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पीयूष ठाकुर, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश कौशिक, अनसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष संतराम धुर्वे, अनसूचित जाती मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप धीतलहरे, चंद्रकुमार सोनी, नवलकिसोर पाण्डेय, बीरेन्द्र शर्मा, कैलश चंद्रवंशी, दिनेश मिश्रा, रामकुमार चन्द्राकर, जल्लु साहू, कृष्णा देवांगन, संतोष वर्मा, यशवंत चन्द्राकर एवं भाजपा किसान मोर्चा के सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इन मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- प्रदेश के अल्प बारिश वाले विकासखंडों को जल्द सूखाग्रस्त घोषित करने।
- अपने घोषणा पत्र अनुरूप किसानों को उनके 2 साल बकाया बोनस देने।
- अघोषित बिजली कटौती पूर्णता बंद करने और बढ़ी हुई बिजली दर को कम करने।
- स्थायी पम्प कनेक्शन के लिए किसानों को तत्काल अनुमति देने।
- सोसाइटीयों में खाद की नियमित सप्लाई करने व खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने।
- 1 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ करने व बारदाने की उचित व्यवस्था खरीदी के पूर्व सुनिश्चित करने।

घर-घर विराजमान हुए विघ्नहर्ता

खरोरा। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों सहित सर्वजनिक स्थलों पर विघ्नहर्ता गणेश की मूर्ति स्थापित की गई है। भादो के पवित्र महीने में हर साल 11 दिनों तक घर-घर में विराजने वाले लंबोदर महाराज की भक्ति से पूरा वातावरण गणेशमय हो गया है। उनकी पूजा-अर्चना कर आमजन बल, बुद्धि, ज्ञान और जीवन में खुशहाली की प्राप्ति की कामना में लगे हुए हैं। लोग अपने-अपने घरों में भी गणेश की प्रतिमा स्थापित किए हैं। सुबह शाम विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। देश-प्रदेश में गणेशोत्सव का त्यौहार मनाया जा रहा है।

कोरोना टीकाकरण के लिए लोगों को किया जा रहा प्रेरित व जागरुक

खरोरा। कोरोना का टीका नहीं लगवाने लोगों को टीकाकरण के लिए प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रेरित किया जा रहा है। बुधवार को संकुल केंद्र घिवरा के ग्राम केवराडीह में घर-घर व चौक चौराहों में संपर्क कर अब तक टीका नहीं लगवाने वाले लोगों को जागरुक कर टीकाकरण की जानकारी दी गई। इस दौरान चुनाव की तर्ज पर पर्ची बांटकर शिविर में टीका लगवाने के लिए पहुंचने की अपील की गई। इस दौरान पंचगण, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे पूर्व विधायक

खरोरा। वैश्विक महामारी कोरोना के साथ-साथ अन्य बीमारी और असमायिक दुर्घटना में जिन परिवार ने अपनों को खोया है। उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए धरसीवां के

पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ग्राम केसला तथा नगर पंचायत खरोरा पहुंचे। शोकाकुल परिवारों से मिलकर उन्हें अपनापन का अहसास कराते हुए दिवंगतों को अपनी श्रद्धांजलि देते हुए ढांढ़स बंधाया। पूर्व विधायक खरोना निवासी मनसा वर्मा, आनंद देवांगन, ताराचंद अग्रवाल, ग्राम केसला में यशवंत देवांगन, दुर्गा गेंद्रे, राधेश्याम, डॉ देवनाथ देवांगन के घर पहुंचे थे। इस दौरान खरोरा मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर, नगर पंचायत खरोरा के अध्यक्ष अनिल सोनी, रोशन चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, दुलेश साहू, परस नायक, लक्ष्मण देवांगन, शंकर देवांगन, मूलचंद देवांगन, प्रकाश राठौड़, यशवंत वर्मा, सुरेश साहू भी साथ रहे ।

करूवा व्यपवर्तन योजना से सिंचाई सुविधा बढ़ी

बेमेतरा। बेमेतरा जिले के साजा क्षेत्र के करूवा व्यपवर्तन योजना का निर्माण लगभग 40 वर्ष पूर्व किया गया था। जिसकी रूपांकित सिंचाई क्षमता 1452 हे . के विरूद्ध नहर प्रणाली के जीर्ण - शीर्ण होने के कारण सिर्फ423 हे. में सिंचाई संभव हो पा रहा था। इस कमी की पूर्ति हेतु शासन को प्रेषित मरम्मत कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति जल संसाधन विभाग, नवा रायपुर 1 फरवरी 2018 को राशि रू. 1015.00 लाख प्राप्त हुई थी। जिसका कार्य निविदा के तहत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 18 ग्रामों को सिंचाई सुविधा सुलभ सरल तरीके से प्रदाय किया जा रहा है। इस व्यपवर्तन योजना की नहर रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य का प्राक्कलन छ.ग. शासन वित्त मंत्रालय में प्रक्रियाधीन है। इस योजना से साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अकोला, बहेरा, बहुनवागांव, बैजी, गांगपुर, घिवरी, झाल, कंदई, कन्हेरा, करचुवा, कारेसरा, केवांछी, खुरूसबोड़, कुर्रा, पद्मी, समुंदवारा, सैगौना, सूखाताल ग्रामों के कृषकों को सिंचाई का लाभ मिल रहा है। जिससे अंचल के कृषको में हर्ष व्याप्त है।

साजा पुलिस ने 6 जुआरियों को पकड़ा

साजा । साजा पुलिस ने जुआ खेल रहे 6 आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए जुआरियों के पास से पुलिस ने करीब 13 हजार रुपए

नकदी व ताश पत्ती बरामद किया। नए थानेदार अम्बर सिंह भारद्वाज को मुखबिर ने सूचना दी कि कोदाव गांव में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए प्रेमदास पिता गनुराम, राकेश पिता रुमू वर्मा, राजाबाबू पिता तारण बारबे, सुनील पिता लतमार बंजारे, गोपाल बंजारे पिता दीवाली बंजारे सभी निवासी कोदवा और प्रदीप साहू पिता रोहित निवासी सोमाईकला को पकड़ा गया है। टीआई अंबर सिंह ने नवप्रदेश को बताया कि जुआ सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

विधायक ने 4.40 करोड़ रुपए से बनने वाली सड़क व सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन

- ग्राम पंचायत सिवार में 4 करोड़ 30 लाख 38 हजार एवं ग्राम पंचायत सोरला में 10 लाख रुपए विकास कार्यों की सौगात

बेमेतरा । बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत सिवार एवं ग्राम पंचायत सोरला में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन में बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। ग्रामवासियों ने बेमेतरा विधायक का भव्य स्वागत किया। विधायक आशीष छाबड़ा के कर कमलों से ग्राम पंचायत सिवार में भाठासोरही से तबलघोर पहुंच मार्ग 405.45 लाख का नारियल रोड भूमि पूजन किया गया एवं सुगम सड़क योजना अंतर्गत मुख्य मार्ग से सिवार आंगनबाड़ी भवन पहुंच मार्ग 19.93 लाख, सामुदायिक भवन में आहाता 2 लाख, राधा कृष्ण मंदिर में ग्रील निर्माण कार्य 1 लाख का फीता काट लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम सोरला में विधायक निधि से स्वीकृत कबीर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 5 लाख एवं जनपद निधि से 3 लाख से स्वीकृत कार्य का भूमि पूजन किए।

इस अवसर पर विधायक ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुऐ कहा की आज ग्राम सिवार में लगभग 430.38 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यों का आज लोकार्पण एव भूमिपूजन किया गया। प्रदेश के पहुंच विहीन सभी शासकीय भवनों-स्कूल-कालेज, आंगनबाड़ी, अस्पताल, धान संग्रहण केंद्र, सार्वजनिक उपयोग के हाट बाजार, मेला स्थलों आदि को पक्के मार्ग से मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना प्रारंभ की गई है।

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ई-श्रेणी के तहत पंजीयन कराने की योजना भी लागू की गई है। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग द्वारा धरसा विकास योजना शीघ्र लागू करने की कार्रवाई की जा रही है। गांव के कच्चे रास्तों को पक्का किया जाएगा ताकि ग्रामीण जन मौसम में सुगमता से आवाजाही कर सके, किसान और खेती राज्य की असल पूजी है।

खेती किसानी और किसानों को सहेजने का जतन कर सीएम बघेल राज्य के विकास की असल पूंजी को सहेज रहे है, छग देश का पहला राज्य है जिसने किसानों को संकट से उबारने के लिए उन्हें सीधे मदद दी है, किसान हितैषी नीतियों के चलते खेती किसानी के रकबे और किसानों की संख्या में इजाफा हुआ हैं। प्रदेश की कांग्रेस पार्टी की सरकार किसानो की सरकार है।

महंगाई के विरोध में दिल्ली में प्रदर्शन, छग की सांसद व विधायक भी पहुंची

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा । राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेट्टा डिसूजा के आह्वान पर छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद फूलादेवी नेताम के निर्देश पर बढ़ती महंगाई और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ दिल्ली में महिला कांग्रेसियो के द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें छग महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल ने भी अपने साथियो सहित उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर रत्नावली कौशल ने केंद्र की मोदी सरकार को अब तक की सबसे भ्रष्ट और तानाशाह सरकार बताते हुए कहा की एक ओर गरीब किसान मौसम की मार झेल रहे है, वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार रोजमर्रा की घरेलू जरूरत की चीजों को लगातार महंगा कर आम आदमी के रसोई का बजट और स्वाद दोनों बिगाड़ कर उनकी कमर तोड़ रही है। कौशल ने कहा की तकरीबन हर दूसरे तीसरे दिन पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही। ऊपर से अब

रसोई गैस की कीमतें भी लगातार बढाते जा रहे है, जिससे आम आदमी के लिए गुजारा करना बहुत मुश्किल हो गया है। अभी देश में कोरोना के कारण लाखो लोगो ने अपने रोजगार खो दिए हैं और लाखों लोगों ने अपनो को खो दिया है। लोगों की आर्थिक सहायता करने की बजाय मोदी सरकार लोगों को महंगाई की मार से कमर तोड़ रही है। सत्ता में आने के पहले बीजेपी के लोगों ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ लोगों को खूब भड़काया और आम लोगों को अच्छे दिनों का सपना दिखाते हुए अपनी सरकार बनाई लेकिन सरकार बनते ही गिरगिट से भी ज्यादा अच्छे तरीके से रंग बदलते हुए लोगों को महंगाई के दलदल में घसीटते जा रहे है, लोग महंगाई के साथ साथ कर्ज में भी डूब रहे।

किसान, बेरोजगार नौजवान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे हैं, पर केंद्र की गूंगी बहरी मोदी सरकार के कानो पर किसान, बेरोजगार नौजवान, महिलाओ के विरोध की किसी की भी प्रकार की आवाज नहीं पहुंच पा रही है।

देश में कानून व्यवस्था का डर अपराधियो के मन से निकल गया है, देश की राजधानी दिल्ली भी महिलाओ के लिए सुरक्षित नही है, निर्भया जैसा अपराध लगातार बढ़ रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

पर्यावरण संरक्षण के लिए ...

देता हूं। इस अवसर पर पीएचई मंत्री गुरु रुद्र कुमार, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने भी पौधरोपण किया।

3 साल में लेंगे जंगल का रूप : कलेक्टर- सीएफ शालिनी रैना ने भी प्रोजेक्ट की टीम को बधाई दी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा डीएफओ धम्मशील गणवीर ने विस्तार से प्रोजेक्ट की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने बताया कि 83000 पौधे लगाये जा चुके हैं। 3 साल में यह क्षेत्र पूरी तरह जंगल के रूप में विकसित हो जाएगा। यहां पर विविध प्रजाति के पौधे लगने की वजह से यहां का प्राकृतिक परिवेश बेहद समृद्ध होगा।

खर्च के लिए ...

से 32 हजार 80 करोड़, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक से 1994.42 करोड़ और केंद्र सरकार के माध्यम से एशियन डेवलपमेंट ऋण/विश्व बैंक से ऋण/ जीएसटी ऋण2095.38 करोड रुपए कर्ज ले चुकी है। इस कर्ज के एवज में वर्ष 2019-20 में राज्य सरकार ने करीब 4 हजार 225 करोड़ का ब्याज चुकाया है।

केंद्र सरकार पर फोड़ा ठीकरा सरकार के मंत्री रविंद्र चौबे का कहना है कि आज ये स्थिति प्रदेश को नहीं देखना पड़ता यदि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ की शेष राशि प्रदेश सरकार को दे देती।

मंत्री चौबे की माने तो केंद्र की तरफसे उन्हें राशि रिलीज नहीं की जा रही है। राज्य के हिस्से का 30 हजार करोड़ रुपये केंद्र नहीं दे रही है। यही कारण है की राज्य सरकार को 1 हजार करोड़ रुपए कर्ज लेना पड़ रहा है। मंत्री चौबे ने सीधे तौर पर केंद्र सरकार पर आरोप लगते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने हमारा पैसा रोक रखा है। लगभग 30 हजार करोड़ रुपये राज्य सरकार को केंद्र सरकार से जीएसटी, क्षतिपूर्ति, माइनिंग, कोल ब्लॉक की राशि, सहित अन्य मद का लेना है जो केंद्र सरकार के द्वारा अब तक नहीं दिया गया है। सरकार जो कर्ज ले रही है वो सिर्फप्रदेश की जनता की भलाई और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए।

बिगड़ी आर्थिक स्थिति ...

स्थिति ख़राब होने से सरकार का खजाना अब खाली हो चूका है। वर्तमान में सरकार ऐसी स्थिति से गुजर रही है, कि उसे खर्च चलाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है।

बस-कार के बीच...

रही वैगन-आर कार की बस से सीधी टक्कर हो गयी। कार का रजिस्ट्रेशन नंबर क्क01क्ष 6318 है। कार पटना के कंकड़बाग की बताई जा रही है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि करीब 30 मीटर तक कार को घसीटते ले गयी। चंद सेकण्ड में ही दोनों वाहनों में आग लग गयी और धू धू कर जलने लगी। इस बीच बस में सवार यात्री उतर गये लेकिन कार में सवार लोग फंसे रह गये। दमकल से भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका और दोनों वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गए। पुलिस ने जेसीबी व क्रेन के माध्यम से दोनों वाहनों को काफी मशकत के बाद अलग किया।

इस साल प्रदेश के सरकारी ...

विद्यालयों को खोले जाने संबंधी निर्णय लिया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में संचालित सभी विद्यालयों में शुल्क लिए जाने के लिए संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिया है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन...

राज्य की जनता तक पहुंचाएंगे रमन सिंह ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने 17 सितम्बर से लेकर 7 अक्टूबर तक के बीस दिन के समय को सेवा और समर्पण के रूप में ही मनाए जाने का निर्णय लिया है। इसी दौरान महात्मा गांधी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिवस भी आता है। इन 20 दिनों के लिए प्रदेश भाजपा ने कई कार्यक्रम तय किए हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा, इन 20 दिनों में भाजपा जनता तक पहुंचेगी और केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रदेशवासियों तक पहुंचाएगी।

बंजर हो चुकी यूपी की सियासी...

रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका गांधी अमेठी या रायबरेली से विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। कांग्रेस आलाकमान उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वर्चस्व बढ़ाने के लिए पूरा जोर लगा रहा है। प्रियंका यूपी का लगातार दौरा कर रही हैं। प्रियंका गांधी यूपी कांग्रेस की प्रभारी भी हैं। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं से कई दौर की वार्ता कर चुकी हैं। कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए पार्टी से निष्कासित किए गए कई नेताओं की घर वापसी भी हुई है।

चुनावी रणनीतिकार...

होने देना चाहती हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद तो औपचारिक रूप से कह चुके हैं कि क्क विधानसभा चुनाव में प्रियंका कांग्रेस का चेहरा होंगी।

गुजरात में पूरी तरह ...

में भी 15 सितंबर को शपथ समारोह के पोस्टर लग गए थे, जिन्हें दोपहर होने तक हटा लिया गया है। राज्यपाल के दफ्तर ने भी शपथ समारोह को एक दिन के लिए टाले जाने की पुष्टि की है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
(E-mail Address : eekon-phe-cg@gov.in)

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम : जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में रेट्रोफिंटिंग कार्य एवं सिंगल विलेज कार्य।

निविदा क्रमांक	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
31/10.09.2021	83129	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम अड़ेंगा में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	98.09
32/10.09.2021	83130	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम बड़बत्तर में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	82.33
33/10.09.2021	83131	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम बेड़मा में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	104.40
34/10.09.2021	83132	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम भण्डारसिवनी में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	94.04
35/10.09.2021	83134	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम कोरगांव में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	74.91
36/10.09.2021	83135	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम ईरागांव में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	64.21
37/10.09.2021	83136	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम कोरहोबेड़ा में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	58.06
38/10.09.2021	83137	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम सिंगनपुर में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	54.36
39/10.09.2021	83138	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम सिरसीकलार में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	69.93
40/10.09.2021	83139	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम तोसकापाल में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	99.19
41/10.09.2021	83140	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम सोनाबाल में रेट्रोफिंटिंग कार्य।	85.46
42/10.09.2021	83141	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम होनहेड़ में सिंगल विलज कार्य।	6.91
43/10.09.2021	83142	जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम सारबेड़ा में सिंगल विलज कार्य।	3.44

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाईट http://phecegprocurement.gov.in से दिनांक 27.09.2021 तक डाउनलोड की जा सकती है।

जी-63632/6

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
कोण्डागांव (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दक्षिण बस्तर संभाग, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

नि.क्र. 11/व.ले.लि./2021-22 — दन्तेवाड़ा, दिनांक : 08.09.2021

एकीकृत पंजीयन प्रणालनी अंतर्गत ''द'' श्रेणी एवं अधिक में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 22.09.2021

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	दन्तेवाड़ा अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का रंगाई पुताई कार्य	30.00
2	-''- आवासीय -''-	30.00
3	गीदम अन्तर्गत गैर आवासीय -''-	25.00
4	-''- आवासीय -''-	25.00
5	दन्तेवाड़ा अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य	40.00
6	-''- आवासीय -''-	40.00
7	दन्तेवाड़ा अंतर्गत पेटी बाजार सामग्री आपूर्ति का कार्य	10.00
8	गीदम अन्तर्गत गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत कार्य	30.00
9	-''- आवासीय -''-	30.00
10	गीदम अन्तर्गत पेटी बाजार सामग्री आपूर्ति का कार्य	3.00
11	बचेली -''-	2.00
12	दन्तेवाड़ा अंतर्गत पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य	30.00
13	गीदम -''-	30.00
14	बचेली -''-	30.00

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://pwd.cg.nic.in में "Live Tender" Tab पर भी देखी जा सकती है।

जी-63628/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., दक्षिण बस्तर संभाग
दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

ठेकेदार को लाभ पहुंचाने, दफ्तर में बैठकर मूल्यांकन कर रहे पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर-एसडीओ

देवभोग/नवप्रदेश। पीडब्ल्यूडी विभाग के पूर्ण सड़क कार्य की इंजीनियर से लेकर जिला कार्य पालन अभियंता द्वारा जमीनी स्तर पर परत दर परत टेस्ट करने के बाद सड़क की कोर कटिंग लैब में भेजा जाता है। ताकि पूरी पुष्टि के बाद ही राशि जारी किया जाए। इस प्रक्रिया के लिए विभागीय कार्य में तेजी की तुलना ठेकेदारी प्रथा में काफी धीमा देखने को मिलता है। लेकिन सगड़ा और बुरजाबहाल हाई स्कूल में सीसी सड़क निर्माण किए ठेकेदार पर इंजीनियर व एसडीओ काफी मेहरबान दिखाई दे रहे। मूल्यांकन और सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी देखने को मिल रहा है। जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा कई तरह के सवाल खड़े किए जा रहे। मूल्यांकन और सत्यापन के आधार पर जिला के प्रमुख अधिकारी जमीनी स्तर के कार्य को देखे बिना कार्यालय में बैठे-बैठे ठेकेदार को राशि जारी कर देते है। जबकि ठेकेदार द्वारा जमीनी स्तर पर स्टीमेट को दरकिनार करते हुए गुणवत्ताहीन कार्य को अंजाम दिया है। जिसका प्रमाण उखड़ते मेटेरियल को देख स्पष्ट होता है।

बावजूद इसके पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अफसर ठेकेदार को लाभ पहुंचाने से पीछे नहीं है। शायद यही वजह है कि स्तरहीन कार्य के खिलाफ ना राशि कटौती होती है और ना कार्यों में सुधार कराया जाता है। जिसका खामियाजा चंद महीनों बाद स्कूली छात्र छात्राओं को उठाना पड़ेगा। सगड़ा हाई स्कूल में करीब 28 लाख की लागत से 2 माह पहले करीब 180 मीटर का सीसी सड़क पीडब्ल्यूडी ठेकेदार द्वारा निर्माण कराया गया जिसकी पोल अभी से ही खुलने लगी है। सड़क की परत उखड़ने के अलावा जगह जगह दरारें आने लगी है। इसी तरह बूरजाबहाल हाई स्कूल में निर्माण सीसी सड़क का हाल है। इसकी शिकायत खुलकर सामने आने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई असर देखने को नहीं मिला बल्कि ठेकेदार को आर्थिक लाभ पहुंचाने के लिए मूल्यांकन और सत्यापन की प्रक्रिया में तेजी लाने की बात सामने आ रही है। जिससे अवगत ग्रामीण और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि नाराजगी जाहिर करते हुए विभागीय मंत्री और कलेक्टर से शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच की मांग करने की बात कह रहे हैं। दरअसल, गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण होने के कारण कुछ महीनों में खराब हो जाएगी और फिर इसी जर्जर सड़कों पर स्कूली छात्रों को आवाजाही करनी पड़ेगी। बावजूद इसके अफसरों को इसकी कोई चिंता नहीं है।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस जनो ने अस्पतालों में बांटा फल

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के 49 वे जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस जनों ने स्थानिय कांग्रेस भवन में केक

काटकर उनका जन्मदिवस बनाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।इस दौरान कांग्रेस जनो ने उनके जन्मदिन के अवसर पर अस्पतालों में जाकर मरीजों को फ्ल वितरित किया गया। इस अवसर पर ,राज्य श्रम बोर्ड सदस्य सतीश अग्रवाल, ,पूर्व जिला महामंत्री मनोज जैन,पार्षद राजेन्द्र वर्मा,दीपक निर्मलकर, शैलेन्द्र अहिरवार,रोहित साहू,एल्डरमेन गिरीश परप्यानी,मुकेश साहू,मनीष पंजवानी, जिला सचिव,अय्यूब बांठिया, पवन यदु,,ब्लॉक उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल दाऊ जी,भरत नागवानी,मोहन केसरवानी,विजय यादव,महेंद्र साहू,दारा साहू,प्रमिला साहू,दानी भाट, हेमिन ध्रुव,निर्मला कोसले, रानी कोसले, श्रीवास मेडम,सतीष कुमार,सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्तिथ थे।

घुमका ब्लॉक कांग्रेस की बुथ प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मंगलवार को घुमका ब्लॉक मुख्यालय में बूथ प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक ब्लाक कांग्रेस कमेटी तत्वाधान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देश पर प्रभारी

कृष्णा दुबे ने जिला अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी व डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल की उपस्थिति में बैठक लिया गया। बूथ प्रबंधन कमेटी के गठन पर विचार किया गया। बैठक में हर बूथ से दस-दस (जवान, पुरूष, महिला) सदस्यों का नाम व नंबर एकत्रित कर ब्लाक कांग्रेस कमेटी में जमा किया जायेगा। अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष, विधायक ने कहा कि पार्टी और संगठन की जड़ बूथ के सदस्य जो पार्टी के प्रति समर्पित रहकर एक सिपाही की तरह कार्य करते हैं, उनका सम्मान और उनके हर छोटी बड़ी कार्य को करने का भरपूर प्रयास रहेगा। प्रभारी दुबे ने कहा की संगठन, बूथ के कांग्रेस के सिपाही का हर एक काम के लिए एक कमेटी तैयार होंगी, जो जिसमें सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं का सुचारू रूप से कार्य किया जायेगा।

मामला हनीट्रैप ब्लैकमेलिंग से जुड़ा हुआ, अधिकारी ने थाने में की शिकायत

जिले के आबकारी अधिकारी के नाम का अश्लील चैट हुआ वायरल

बालोद/नवप्रदेश। सोशल मीडिया व्हाट्सएप में बालोद के जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह के नाम पर अश्लील चैट वायरल हुआ है। चैट में अशोक सिंह एक महिला से अश्लील बातें कर रहे हैं इतना ही नहीं इन बातों में जिले के 3 बड़े वरिष्ठ अधिकारियों के भी नाम आए हैं इस अश्लील चैट के वायरल होने के बाद जैसे ही मामले की जानकारी जिला आबकारी अधिकारी अशोक सिंह को लगी। उन्होंने मंगलवार की देर रात को ही बालोद थाने में लिखित शिकायत की, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर

इसकी जांच शुरु कर दी है। वहीं पूरे मामले में यह बात सामने आ रही है कि आखिर अश्लील चैट किसके द्वारा वायरल किया गया है और इस अश्लील चैट को बनाने वाला कौन है? आबकारी अधिकारी अशोक सिंह की माने तो यह उन्हें फंसाने के लिए किया जा रहा है, उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है। अब बालोद पुलिस इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि इस सनसनीखेज मामले का खुलासा हो सकें।

हनीट्रैप का तो मामला नहीं

अश्लील चैट को पढ़ने के बाद में यह साफ नजर आ रहा है कि मामला हनीट्रैप से जुड़ा हो सकता है। जहां अधिकारियों को ट्रैप करने की बड़ी साजिश रचने की बात भी सामने आ सकती है। दरअसल, उस चैट को पढ़ने के बाद में यह स्पष्ट हो रहा है कि किस तरह से और कितने गंदगी भरे शब्दों का उल्लेख किया गया है वहीं अशोक सिंह के साथ-साथ जिले के 3 बड़े अधिकारियों का भी नाम लिखकर के उन्हें बदनाम करने की कोशिश की गई है।

अब देखना होगा कि बालोद पुलिस किस तरह मामले की जांच करती है। आरंभिक तौर पर इसे ब्लैकमेलिंग और हनी ट्रैप से देखा जा रहा, लेकिन पुलिस जांच उपरांत ही इसकी वास्तविकता सामने आएगी।

आयुष्मान कार्ड बनाने में 55.8% के साथ बालोद प्रदेश में प्रथम

कार्ड बनवाने अंतिम तिथि 30 सितम्बर

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने और शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करने गंभीरतापूर्वक प्रयास किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 12 सितम्बर 2021 की स्थिति में जिले में 10 लाख 12 हजार 52 हितग्राही में से 05 लाख 64 हजार 774 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है, जो कि कुल लक्ष्य का 55.8 प्रतिशत है। जिसमें से 63 हजार 428 हितग्राहियों को निःशुल्क आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में जिला बालोद राज्य स्तर में प्रथम स्थान पर है। आयुष्मान कार्ड बनाने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2021 है। उन्होंने बताया कि हितग्राही स्वयं व परिवार के

सदस्यों को साथ राशन कार्ड, आधार कार्ड एंव मोबाईल नम्बर की जानकारी लेकर जिले के च्वाईस सेंटरों तथा सभी पंजीकृत चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने एवं हितग्राहियों को कार्ड उपलब्ध कराने का कार्य पूर्णतः निःशुल्क है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के छुटे हुए हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिये 30 सितम्बर 2021 तक विशेष पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है।

प्रशासन ने जब्त किया खाद, दलालों व बिचौलियों के पेट में दर्द क्यों : नवाज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अध्यक्ष नवाज खान ने भाजपा के धरना प्रदर्शन एवं प्रेस कांफ्रेंस को नौटंकी करार दिया। नवाज ने कहा की प्रदेश में अब किसानों मजदूरों सरकार है। पैसा सीधे किसान की जेब में जा रहा है चाहे 2500 रूपये में धान की राशि हो या दो रूपया किलो में गोबर खरीदी की राशि या तेंदूपत्ता का 4000 रूपये की राशि हो।

किसान आज खुश है। 15 साल तक भाजपा के राज में सबसे ज्यादा छल किसानों के साथ किया गया। 270 रूपये बोनस बोलकर नहीं दिया गया, 2013 के चुनाव में 2100 रूपये समर्थन मूल्य और 300 रूपये बोनस का झूठ बोलकर पांच साल सरकार चलाए। पूरे प्रदेश में किसान आंदोलन करते रह गए किसानों पर मुकदमें दर्ज कराए गए। किसान जेल भेजे गए। आज वही लोग किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रहे है, जिस दिन से भूपेश बघेल की सरकार बनी किसान, मजदूरों के हित में निर्णय लिया जा रहा है।

किसानों को आगे बढ़ाने रोज-रोज अनेक योजनाएं लायी जा रही है, तो कमीशन खोरों के पेट में दर्द हो रहा है। 15 साल भाजपा के राज में हजारों किसानों में छत्तीसगढ़ के रमन राज में आत्महत्या किया। नकली खाद, दवा बेचने का सबसे बड़ा केन्द्र राजनांदगांव रहा। डा. रमन सिंह के क्षेत्र नकली खाद के कारखानें खोले गए। किसानों को नकली खाद, घटिया बीज देने का काम डॉ. रमन की सरकार में हुआ। खाद संकट के लिए केन्द्र में बैठी मोदी सरकार जिम्मेदार है, आज किसानों को यूरिया, डीएपी ए और पोटाश के लिए भटकना पड़ा है, इसके लिए केवल और केवल मोदी सरकार जिम्मेदार है। आज जब किसानों को हो रही खाद संकट से निपटने प्रशासन जब खाद की रेक जप्त कर किसानों को खाद पहूंचा रहा है तो दलाल कमीशन खोरी में लिप्त लोग उसका विरोध कर रहे है, जिस काम में प्रशासन की प्रशंसा होनी चाहिए उसका विरोध इसलिए किया जा रहा है की यही यूरिया व्यापारियों के पास जाती तो वे उसे दुगुनी कीमतों पर बेचते और उस कमीशन का पैसा दलालों की जेब में जाता। पत्रकार वार्ता ने यह सिद्ध कर दिया है कि भाजपा नेताओं की इस दलाली में सांठगांठ है।

शहर में किशोरियों ने साइकिल रैली निकालकर दिया सुपोषण का संदेश

राजनांदगांव। बच्चों, गर्भवती महिलाओं व शिशुवती माताओं के सुपोषण के लिए राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिले में कई प्रेरक आयोजन किए जा रहे हैं। इसमें पोषण साइकिल रैली, पोषक आहारों की प्रदर्शनी व डोर-टू-डोर संपर्क प्रमुख हैं। पोषण माह के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे जागरुकता कार्यक्रमों में मितानिन भी महत्वपूर्ण निभा रही हैं।

पोषण माह के अंतर्गत सुपोषण का संदेश देते हुए जिले की खैरागढ़ परियोजना के अतरिया सेक्टर में पोषण किशोरियों ने साइकिल रैली निकाली और सुपोषण संबंधी नारे भी लगाए।

इसी तरह मोहला में समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। यह कार्यक्रम यूनिसेफऔर एम्स के सहयोग से पानाबरस (मानपुर) में भी संचालित किया जा रहा है। समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम में प्रशिक्षण व फ्लोअप को प्रमुखता से शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर यूनिसेफके राज्य प्रमुख जॉब जकारिया और एम्स रायपुर के निदेशक डॉ. नितिन नागरकर प्रमुखता से शामिल हुए।

इस अवसर पर जॉब जकारिया ने कहा, देश के संपूर्ण विकास में एक स्वस्थ समाज की अहम भूमिका होती है। इसके लिए जरूरी है कि सबसे पहले हम अपने गांव को कुपोषण मुक्त बनाने की शुरुआत करें और अभी सुनहरा मौका भी है, क्योंकि सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा यह पोषण अभियान एक कार्यक्रम न होकर एक जन आंदोलन और समग्र भागीदारी के रूप में एक नई राह है।

रेप व हत्या के आरोपी को फांसी, कोर्ट के फैसले पर जताया आभार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कांकेतरा में 22 अगस्त 2020 को 3 वर्ष की बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म एवं हत्या के फैसले पर राजनांदगांव जिला न्यायालय में पाक्सो एक्ट के तहत फांसी की सजा सुनाई गई जो छत्तीसगढ़ के इतिहास में इस एक्ट के तहत प्रथम सजा है।

जीवन दान संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र लाल जंघेल ने बताया कि शुरुवात से ही बच्ची के परिजनों एवं कांकेतरा के ग्रामीणों के साथ ऐसे जगन्य अपराध के लिए फ्लैग मार्च, विरोध प्रदर्शन करती आई, केस के प्रत्येक पेशी में संस्था के सदस्य परिजनों के साथ हिम्मत बन कर खड़े रहे, जिसके 13 माह बाद फैसले के आने से अब संतोष है। इसी के साथ इस ऐतिहासिक फैसले को उचित ठहराते हुए एवं समाज की जागरूकता के लिए सभी समाजसेवक जन एवं पुलिस विभाग के साथ महावीर चौक में बच्ची के परिजनों के साथ बच्ची की दिव्य आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई तथा 2 मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा में पुलिस विभाग से सुरेशा चौबे, लोकेश देवांगन, चेतन चंद्राकर, राजनांदगांव नगर निगम महापौर हेमा देशमुख, गौ रक्षा वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष संतोष टूरहाटे, समाजसेवी अर्चना दास, डॉ. साधना तिवारी, सुश्री मणि भास्कर गुप्ता, नेहा गुप्ता, समस्त पत्रकारगण आदि वरिष्ठ उपस्थित रहे।

साथ ही साथ रा.गौ रक्षा वाहिनी के अंशुल कसार, सत्यम जयसवाल, राहुल ताम्रकार, शुभम श्रीवास्तव, शुभांशु नाविक एवं जीवनदान संस्था के हरीश भानूशाली, राजा सिंघ, विष्णु देवांगन, शांतिलाल साड़ील आदि उपस्थित रहें।

सांसद संतोष पांडेय बोल्दाखुर्द में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में हुए शामिल

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने बोड़ला ब्लाक अंतर्गत ग्राम बोल्दा खुर्द में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर रामधुनी का शुभारंभ किया। सांसद पांडेय ने उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में रामधुनी सहित अन्य धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए। ऐसे आयोजन से गांव का वातावरण शुद्ध होता है। साथ ही गांव व लोगों का कल्याण भी होता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं। उनका चरित्र अनुकरणीय है। वर्षों के इंतजार के बाद श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन रहा है। यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं व कार्यों की जानकारी दी।

विधायक शिवरतन शर्मा ने रोड निर्माण के लिए स्वीकृत कराया साढ़े 23 करोड़

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक शिवरतन शर्मा के अथक प्रयास व अनुशंसा से भाटापारा विधानसभा में सिमगा विकासखंड के ग्राम ढेकुना

से चक्रवाय मार्ग 12.00 किलोमीटर पुलिया सहित निर्माण कार्य के लिए 23 करोड़ 45 लाख 44 हजार रूपये की स्वीकृत छत्तीसगढ़ रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा की गई है।

विधायक भाटापारा की सतत प्रयास व अनुशंसा से छत्तीसगढ़ रोड़ एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर द्वारा ढेकुना से चक्रवाय मार्ग का पत्र 08/09/2021 को जारी कर प्रशासनिक स्वीकृति दी है और शीघ्र ही इसका कार्य प्रारंभ करने हेतु लोक निर्माण विभाग को आदेशित किया है।

विधायक शर्मा ने बताया कि इस मार्ग के निर्माण से आसपास के गांवों के ग्रामीणों को आने जाने में आसानी होगी एवं आवागमन भी सुगम बनेगा। इस से पूर्व के वर्षों में भी विधायक शिवरतन शर्मा की सक्रियता के कारण भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में हर तरह के विकास कार्य किये गए है, पूरे विधानसभा क्षेत्र में मानो सड़को का जाल सा बिछ गया है जिससे क्षेत्रवसियो को आवागमन में सुविधा मिल रही है।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं RUPINDER KAUR W/O DAVINDER SINGH निवासी HOUSE NO-3 RISHABH GREEN CITYPULGAON DURG 491001 (C.G.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम RANJEETA KAUR W/O DAVINDER SINGH रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम RANJEETA KAUR W/O DAVINDER SINGH से ही जाना पहचाना जावे।

RANJEETA KAUR
HOUSE NO-3 RISHABH
GREEN CITYPULGAON
DURG 491001 (C.G.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार

प्र.क्र./1914/रा.नि.म., बेरला
दिनांक 01.09.2021

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनातन वर्मा पिता रामकृष्ण वर्मा साकिन माटरा तहसील साजा जिला बेमेतरा द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम देवरबीजा प.ह.नं. 01 तहसील बेरला जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.नं. 1082/2 रकबा 0.015 हे. भूमि को आवासीय सह व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का उजर-दावा हो तो दिनांक 16.09.2021 तक स्वतः अधोहस्ताक्षर-कर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेरला

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)
ईश्तहार

sdorsaja@gmail.com

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज चौधरी पिता श्यामलाल चौधरी निवासी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम परपोड़ी प.ह.नं. 23 स्थित ख.नं. 328/20 रकबा 0.03 हेक्टेयर भूमि को आवासीय सह व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये हैं। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5(2), (5) के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति का उजर-दावा हो तो दिनांक 17.09.2021 तक स्वतः अधोहस्ताक्षर-कर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। तथा समय पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.09.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
साजा

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू, रायपुर में स्थित एलआईजी भवन क्रमांक-291, श्री देवेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. श्री गौतम साहू को ऑफर/स्ववित्तीय/ भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 15.05.2009 को अपने नाम पर सेलडीड/लीजडीड पंजीयन कराने के उपरांत वर्तमान में श्रीमती पुष्पा यादव पति श्री मनहरण यादव पता- एलआईजी-940, सेक्टर-06, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सड्डू, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह
सामुदायिक भवन, पानी टंकी के पास
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 235/2021-22
वार्ड का नाम- ले. अरविंद दीक्षित वार्ड 56

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ले. अरविंद दीक्षित वार्ड 56 स्थित भवन/ भूमि 56/सी/118, प्रियदर्शनी नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती शारदा सिसोदिया पति स्व. जे.एस. सिसोदिया के नाम से दर्ज है, जिसको श्री रंजीत कुमार पिता अरूण कुमार राय ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/ शपथ पत्र/दान पत्र/हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

सील
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4,
सेजबहार, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-2971574
Email ID-eocghbzone05@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी गोबरा-नवापारा, जिला-रायपुर, में अटल विहार योजनांतर्गत निर्मित ई.डब्ल्यू.एस. भवन क्र.-1167, श्रीमती आसीन बाई निषाद पति स्व. श्री हुलास राम निषाद, के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्र. 224 दिनांक 18.01.2018 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। वर्तमान में उक्त भवन की रजिस्ट्री नहीं किया गया है। मूल आबंटी श्रीमती आसीन बाई निषाद पति स्व. श्री हुलास राम निषाद, निवासी- वार्ड नं. 05, इंदिरा मार्केट, गोबरा नवापारा, तहसील- नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.) की मृत्यु दिनांक 20.03.2020 को हो जाने के कारण उनके वारिसान पुत्र श्री शिवकुमार निषाद पिता स्व. श्री हुलास राम निषाद, निवासी- वार्ड नं 05, इंदिरा मार्केट, गोबरा नवापारा, तहसील- नवापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.), द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, पारिवारिक सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भवन शिवकुमार निषाद पिता स्व. श्री हुलास राम निषाद, के नाम पर मृत्यु उपरांत नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन का फ्री-होल्ड किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-04
सेजबहार, रायपुर, छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी, रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना में से भवन/ भूखण्ड क्रं. जनता 384 में श्री जी.आर.कृष्णा पिता श्री जी.व्ही.एस. राव को स्ववित्तीय/ एकमुश्त/ ऑफर आधार पर आबंटित/ नामातंरित किया गया है। उनके द्वारा दिनांक 02/01/1990 को लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। क्रेता द्वारा दिनांक 3.8.2007 विक्रय विलेख को पंजीकृत कराने उपरान्त उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड क्रेता श्रीमती भारती अग्रवाल पति स्व. श्री नारायण अग्रवाल के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सील
सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
नया प्रशासनिक कार्यालय, गांधी चौक, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 2535780, 90 फैक्स-0771-2227395 E-mail:dc_rmc@rediffmail.com
Website-www.nagarnigamraipur.com

क्र. 647ए/वित्त विभाग/ न.पा.नि./2021 रायपुर, दिनांक 14/09/2021

निविदा आमंत्रण निरस्त करने की सूचना

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा For Selection of CA Firm for audit of the books of accounts of Municipal Corporation Raipur for F.Y. 2019-20 हेतु जारी निविदा क्रमांक 605/वित्त विभाग/न.पा.नि./2021 रायपुर दिनांक 07.09.2021 को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
(आयुक्त महोदय द्वारा अनुमोदित)

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

अपर आयुक्त
नगर पालिक निगम,
रायपुर (छ.ग.)

आफत की बारिश : गरियाबंद बना टापू, घरों में घूसा बारिश का पानी

जनजीवन अस्त-व्यस्त

गरियाबंद (नवप्रदेश)। जिले में लगातार तीन दिन से हो रही बारिश से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित है। बीती रात और मंगलवार की सुबह हुई तेज बारिश से जिले के सबसे बड़ी पैरी नदी और अंचल की छोटे नदी-नाले उफान पर है। इस बारिश से जिला मुख्यालय गरियाबंद देखते ही देखते टापू बनकर रह गया। भादों माह में जमकर हुई बारिश ने चारों तरफ कोहराम मचा दिया है। गांवों का जिला मुख्यालय से कट गया। मंगलवार की सुबह तक गरियाबंद तहसील में ही 197.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा राजिम में 112.6 और छूरा में 137.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वहीं जिले में आज 107.1 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। पैरी नदी में बाढ़ आ जाने के कारण नेशनल हाईवे 130 सी में आवागमन अवरुद्ध रहा, साथ ही छुरा अंचल में भी तेज बारिश से जिला मुख्यालय का संपर्क टूट गया था।

पूरे समय डंटे रहे कलेक्टर निलेश क्षीरसागर व एसपी पारुल माथुर

कलेक्टर निलेश क्षीरसागर, एसपी पारुल माथुर और आला अधिकारी मालगांव-पण्टोरा के अलावा बाढ़ प्रभावित इलाकों की स्थिति का जायजा लेने के साथ ही मौके पर पहुंच अधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को मौके पर तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। मैदानी अमलों को भी अपने पंचायत में रहने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने राजस्व अमला को भी गरियाबंद के प्रभावित 30 गांवों में जन माल की हानि का रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही सभी तटीय इलाकों में अलर्ट घोषित किया गया है। कलेक्टर क्षीरसागर ने आम लोगों से भी अपील किया है कि बाढ़ के पानी को पार करने से बचें और पानी जब खतरे से नीचे उतरे तब ही आवागमन करें।

आफत बनकर आई बारिश

जिले में बीते दो-तीन दिनों से हो रही बारिश ने बाढ़ का ऐसा मंजर दिखाया, जिसे देख हर कोई हतप्रभ रह गया। अंचल में दशकों बाद बाढ़ का ऐसा नजारा देखने को मिला है। जिला मुख्यालय चारों तरफ पानी से घिरा रहा। बाढ़ का पानी खेतों में घूस जाने से लहलहाती फसलें पूरी तरह से चौपट हो गई है। जिला मुख्यालय के विभिन्न वार्डों में बारिश का पानी घरों में घूस जाने से नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा गई। इस बारिश में घंटों देर तक बिजली बंद रहने से लोगों को पेयजल एवं निस्तारी की समस्याओं से जूझना पड़ा है। गरियाबंद नगरीय क्षेत्र के नीचले वार्ड की बस्तियों में बारिश का पानी घूस जाने के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों में पालिका प्रशासन की लचर व्यवस्थाओं को लेकर रोष दिखा। प्रभावितों के लिए मंगल भवन में रहने और खाने की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई।

सिकासेर बांध के 17 गेट खोलकर 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया

जिले के सिकासेर बांध से 20669 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। मंगलवार की दोपहर 12 बजे की स्थिति में 22 गेट में से 17 गेट को तीन फीट तक खोला गया था। फिलहाल सिकासेर बांध में जलभराव की स्थिति लगभग 90 प्रतिशत तक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी जिला स्थित सोंढूर बांध से भी पानी छोड़ा गया था, जो कि गरियाबंद जिला के नेशनल हाइवे 130 सी स्थित ग्राम पंटोरा के समीप पैरी-सोंढूर का संगम है। दोनों बांध से पानी छोड़े जाने से बाढ़ का भयावह नजारा देखा गया। पैरी और सोंढूर नदी काफी उफान पर थे, जिससे कि नेशनल हाइवे 130 सी में आवागमन पूरी तरह से अवरुद्ध रहा।भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है वही बाढ़ में जिले के अलग-अलग जगहों पर लोगों के फंसे होने की जानकारी मिली थी, जिन्हें लोगों की सहायता और पुलिस, एसडीआरएफकी टीम की सहायता से रेस्क्यू किया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक बारुला-मैनपुर में दो, छुरा में तीन और मालगांव-पण्टोरा में तीन लोगों के फंसे होने की जानकारी मिली थी। जिला मुख्यालय के नजदीक ग्राम मजरकट्टा में फंसे दो और मालगांव-पंटोरा तीन लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा मुस्तैदी से राहत और बचाव का कार्य जारी है। वहीं प्रभावित क्षेत्रों में कच्चे मकानों में रह रहे लोगों को पंचायतों में रहने के लिए कहा गया है।

आरटीआई के तहत गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अफसर नहीं दे रहे जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। सरकारी विभागों में सूचना का अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी देने से अधिकारी-कर्मचारी अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। इनकी लापरवाही के चलते लोगों को संबंधित जानकारी नहीं मिल पा रही है। यह मामला बैकुंठपुर जिले का है, जहां अलग-अलग मामलों में सूचना का अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई थी, लेकिन यहां पदस्थ अफसरों ने बहानेबाजी कर टाल दिया। आरोप है कि गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान में इन दिनों कार्य स्वीकृति के पश्चात भी अधूरे पड़े कार्यो को कागजों में पूर्ण दिखा कर बंदरबाट किया जा रहा है। वही जंगल की संपत्ति को नुकसान कर फर्जी फर्म के नाम पर भुगतान करने का आरोप लग रहा। बिना अनुमति मशीनों का उपयोग कर लाखों रुपए का तालाब दो दिनों में ही पूरा कर लिया जा रहा है। इन्हीं शिकायतों की जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई तो यह कह कर आवेदन खारिज कर दिया कि मामला बैंक से संबंधित है। जबकि देयक भुगतान बिल में खाता का जिक्र रहता ही नहीं हैं। वही बैंक खाता से कोई दूसरा व्यक्ति राशि नही निकाल सकता फिर भी अधिकारी जानकारी के अभाव में कुछ भी लिख कर जानकारी दे रहे। पूर्व में अपील अधिकारी ने निशुल्क जानकारी देने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके अधिकारी शासन के निर्देश में अपने ही अपील अधिकारी के लिखित निर्देश को नहीं मान रहे। इसी तरह का मामला सोनहत वन परिक्षेत्र में सामने आया है। जहां जानकारी देने की बजाय गलत धाराओं का हवाला देकर जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया गया। जबकि निर्माण के बिलो में सामग्री का उल्लेख रहता हैं न कि वन्य जीवों का। फिर भी अधिकारी वन्यजीवों को खतरा का हवाला देकर जानकारी से बच रहे जिससे अधिकारी के सूचना के अधिकार के तहत जानकारी को लेकर सवाल उठना लाजमी है।

सूचना के अधिकार अधिनियमों की नहीं है जानकारी - एक आरटीआई कार्यकर्ता के मुताबिक पार्क परिक्षेत्रों में हुए नगद भुगतान व सामग्री क्रय भुगतान के संबंध में जानकारी मांगी गई थी जिस पर तत्कालीन जन सूचना अधिकारी ने आवेदन पत्र को बैंक खाते का हवाला देकर निरस्त कर दिया। बिल में खाता का उल्लेख रहता ही नहीं है। वहीं अपील की सलाह दी गई। इससे साफहै कि ऐसे विभाग में पदस्थ जन सूचना अधिकारियों को या तो इस अधिनियम की जानकारी ही नहीं है या फिर विभाग में हुए व्याप्त भ्रष्टाचार को छुपाने जानबूझकर ऐसा करते है।

अपीलीय अधिकारी का भी आदेश नहीं मान रहे

आरटीआई के तहत जानकारी नहीं देने पर आवेदक प्रथम अपीलीय अधिकारी के पास आवेदन कर रहे। वहां प्रकरण की सुनवाई प्रथम अपीलीय अधिकारी द्वारा करने के उपरांत जनसूचना अधिकारी को जानकारी प्रदान करने आदेश जारी होने के बाबजूद भी जानकारी देने में आनाकानी की जा रही है। जानकारी देते भी हैं तो इतना घुमाया जाता है कि आवेदक जानकारी मांगना ही छोड़ दें।

ग्राम पिपरा में सुगम सड़क योजना का भूमि पूजन कार्य संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। छग सरकार द्वारा बेरोजगार को रोजगार देने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रम में ई पंजीयन के तहत पीडब्ल्यूडी विभाग में सुगम सड़क योजना के तहत ग्राम पिपरहा में भुनेश्वरी कुलदीप वर्मा के द्वारा भूमि पूजन कार्य प्रारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर हसौद जोन के समस्त प्रभारी व छत्तीसगढ़ प्रदेश सरपंच संघ के अध्यक्ष गोपाल धीवर, आरंग जनपद पंचायत के सभापति के प्रतिनिधि पवन धीवर, ग्राम पंचायत पिपरहा सरपंच बिरसिंह वर्मा, उपसरपंच नीलम साहू, अनील वर्मा, सिवनी सरपंच पुरषोत्तम धीवर, महेंद्र साहू, रामचरण समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। भुनेश्वरी कुलदीप वर्मा ने कहा स्कूल आने जाने में कीचड़ के कारण बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता था, लेकिन सुगम सड़क योजना से पक्का सड़क मिलने से कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अब स्कूली बच्चों को कीचड़ से राहत मिलेगी।

रात में छाया रहता है अंधेरा, गंदगी से बजबजा रही नालियां

जांजगीर-चाम्पा। नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला के वार्ड क्र. 6 के पार्षद ने अपने वार्ड की सफाई एवं बिजली खंभों में स्ट्रीट लाईट की मांग की है। पार्षद अमित यादव ने जांजगीर-नैला नगर पालिका के सीएमओ एवं अध्यक्ष ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि वार्ड क्रमांक 6 में विगत 2 माह से वार्डो की विभिन्न गलियों की लाईट बंद है तथा कुछ खंभों की लाईटों को नगर पालिका के विद्युत प्रभारी द्वारा बंद होने के कारण निकाला जा चुका है। जिसमें आज तक स्ट्रीट लाइट नहीं लगाया गया है, विद्युत प्रभारी से पूछने पर लाईट नहीं होने का हवाला दिया जाता है। खंभों में लाईट नहीं होने के कारण आधार से ज्यादा वार्ड में रात के समय अंधेरा छाया हुआ है। अंधेरा होने की वजह से वार्ड में अप्रिय घटना घटित होते रहती है, साथ ही बरसात के दिनों में सांप-बिच्छु का डर वार्डवासियों को लगा रहता है। पार्षद ने बताया कि वार्ड की नियमित सफाई नहीं होने के कारण वार्डो में कचरा एवं बरसाती पानी जमा हो रहा है, जिसके कारण वार्डो में बदबू एवं बीमारी फैलने की संभावना है।

सीएमओ एवं अध्यक्ष को इन समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने की मांग की है।

भुगतान में गड़बड़ी, लर्नेट स्किल प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस

रायपुर। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत रोजगारोन्मुखी व्यावसायिक पाठ्यक्रम को पढ़ाने वाले प्रशिक्षकों के मानदेय के संबंध में राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी व्यावसायिक शिक्षा प्रमुख आईएलएंडएफएस (लर्नेट स्किल) प्रा.लि. संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि पत्र प्राप्ति के 4 दिवस के भीतर विगत दो माह का व्यावसायिक प्रशिक्षकों का मानदेय भुगतान करना सुनिश्चित करें। यदि 04 कार्यालयीन दिवस के भीतर मानदेय भुगतान की कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार एकतरफा कार्रवाई की जाएगी। व्यावसायिक प्रशिक्षकों द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि संस्था द्वारा माह मई 2021 का मानदेय जारी न कर सीधे माह जून 2021 का मानदेय जारी किया गया है और सैलरी स्लिप माह मई का जारी किया गया है।

आटो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम खिसोरा का मामला

जंजगीर-चांपा। तेज गति से आ रही ऑटो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार की सुबह 7.30 बजे छाता जंगल चौराहा खिसोरा पंतोरा चैकी के पास की है। पंतोरा पुलिस द्वारा शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंपा।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अयोध्या पुरी कोरबा निवासी गणेश राम पिता राजू दास महंत सुबह कोरबा से अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 एक्यू 5403 से बलौदा की ओर आ रहा था कि छाता चैराहा खिसोरा के पास विपरीत दिशा से आ रही ऑटो से भिड़ंत हो गई। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पंतोरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पीएम के लिए रवाना किया।